मध्यप्रदेश का सबसे तेज बढ़ता सांध्य दैनिक

# अमृत दर्शन

भोपाल, नर्मदापुरम एवं रायसेन से एक साथ प्रकाशित

RNI NO. 50259/90
वर्ष : 36
अंक : 116
भोपाल, बुधवार
18 जून 2025
पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रु.

www.amritdarshan.com
Email : amritdarshan@yahoo.com




03 गांवों में रहने वालों को भी देना होगा टैक्स

स्मृति मंधाना आईसीसी वनडे रैंकिंग में नंबर 1 बैटर बनी 06

# भारत ने न कभी मध्यस्थता स्वीकार की थी, न कभी करेगा

कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन के तुरंत बाद पीएम मोदी ने ट्रंप से बात की। ट्रंप ने पीएम मोदी से पूछा कि क्या वह कनाडा से लौटने पर अमेरिका आ सकते हैं? प्रधानमंत्री ने पूर्व कार्यक्रमों का हवाला देते हुए ऐसा करने में असमर्थता जताई।

## पीएम मोदी ने की ट्रंप से बात : ऑपरेशन सिंदूर पर दो-टूक

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

कनाडा में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन को बीच में ही छोड़कर अमेरिका लौटे डोनाल्ड ट्रंप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बात की है। दोनों के बीव करीब 35 मिनट तक बातचीत हुई है। इस दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई और ऑपरेशन सिंदूर पर बात हुई। इस दौरान पीएम मोदी ने साफ किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम पड़ोसी मुल्क के आह्वान के बाद दोनों देशों की आपसी सहमति से ही हुआ। इसमें किसी की भी मध्यस्थता नहीं थी और न ही किसी ट्रेड डील पर



बात हुई थी। बातचीत ऐसे वक्त हुई है, जब पीएम मोदी आज जी7 में हिस्सा लेने के बाद कनाडा से क्रोएशिया रवाना हुए हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात तय थी। राष्ट्रपति ट्रंप को जल्दी अमेरिका लौटना पड़ा, जिसके कारण यह मुलाकात नहीं हो सकी। इसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप के अनुरोध पर आज दोनों नेताओं ने फोन पर बात की। उन्होंने करीब 35 मिनट तक बात की। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी से फोन पर बात कर संवेदना जताई थी और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में समर्थन भी जताया था। उसके बाद यह पहली बार था, जब वे बात कर रहे थे। इसलिए पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर पर राष्ट्रपति ट्रंप से विस्तार से बात की।

### विदेश सचिव और क्या बोले?

विक्रम मिस्री ने बताया, पीएम मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप से साफ कहा कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान कभी भी और किसी भी स्तर पर भारत-अमेरिका ट्रेड डील या भारत-पाकिस्तान मध्यस्थता जैसे विषयों पर बात नहीं हुई थी। सैन्य कार्रवाई रोकने के बात सीधे भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच मौजूद चैनल के जरिए हुई थी। पाकिस्तान के आग्रह के बाद ही यह बातचीत हुई थी। मिस्री ने बताया, मोदी ने जोर देकर कहा कि भारत ने न कभी मध्यस्थता स्वीकार की थी, न करता है और न ही कभी करेगा। इस विषय पर भारत में पूर्ण रूप से राजनीतिक एकमत है।

### मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को भारत आमंत्रित किया

विदेश सचिव ने बताया, ट्रंप ने पीएम मोदी से पूछा कि क्या वे कनाडा से लौटते समय अमेरिका में रुकेंगे। पूर्व निर्धारित प्रतिबद्धताओं के कारण पीएम मोदी ने ऐसा करने में असमर्थता जताई। दोनों नेताओं ने तय किया कि वे निकट भविष्य में मिलने की कोशिश करेंगे। क्वाड की अगली बैठक के लिए पीएम मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को भारत आमंत्रित किया। निमंत्रण स्वीकार करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वे भारत आने के लिए उत्साहित हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रंप के साथ स्पेशल लंच करेगा मुनीर, कांग्रेस ने जताई आपत्ति

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच फोन पर हुई बातचीत को लेकर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने सवाल खड़े करते हुए कहा है कि भारतीय विदेश नीति और कूटनीति को मिले ट्रिपल झटके को समझने की जरूरत है। आज पाकिस्तान के फील्ड मार्शल असीम मुनीर ट्रंप के साथ लंच करने वाले हैं। कांग्रेस ने कहा यह भारतीय कूटनीति के लिए झटका है। भारत इस बारे में चुप हैं, अमेरिका के इस आमंत्रण पर कोई आपत्ति नहीं जताई है। पाकिस्तान एक अपराधी देश है और उस पर लगाम लगना चाहिए।

### अब वाट्सएप पर भी इमेज बनाएगा चैटजीपीटी

**नई दिल्ली।** वॉट्सएप पर उपलब्ध चैटजीपीटी को एक बड़ा अपडेट मिला है। अब यूज़र्स इस प्लेटफॉर्म पर केवल टेक्स्ट चैट ही नहीं बल्कि इमेज जेनरेट करने की सुविधा का भी लाभ उठा सकेंगे। दिसंबर 2024 में ओपन एआई और चैट जीपीटी को एक कस्टम फोन नंबर के जरिए वॉट्सएप पर लॉन्च किया था। अब चार महीने बाद इसमें इमेज और वॉयस इनपुट के बाद इमेज जेनरेशन का फीचर भी जुड़ गया है।

## अंतर्मना उवाच



**तरुण सागरम तीर्थ अहिंसा संस्कार पद यात्रा :** श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र, लाल मंदिर, अपोजिट रेड फ्रोर्ट। अंतर्मना ने कहा कि अगर भारत की खूबसूरती देखना है तो आप दिल्ली के चांदनी चौक में आइये! यहां समस्त धर्मो का समावेश है। यहां हिन्दू जैन मुस्लिम सिख ईसाई सभी धर्म स्थल एक साथ बने हुए है। दिल्ली में लाल किला के सामने तेज धूप, भरी दोपहरी और भीषण गर्मी में अंतर्मना ने किया सामायिक। इस अवसर पर संघ का फोटो...

***जब तक खुद का मन कैकेयी ना हो.. तब तक कोई मंथरा, तुम्हारे कान नहीं भर सकती है..!***

*अक्सर जो जितने बड़े कद-पद पर होते हैं, वो उतने ही कान के कच्चे और संदेह से भरे होते हैं।* ***ज्यादा संदेह और जरूरत से ज्यादा टोका-टाकी हमारे रिश्तों और अपनों को दूर कर देती है।*** *क्योंकि संसार में जीना है और साथ रहना है तो विश्वास और भरोसा तो करना ही पड़ेगा। विश्वास करना बुरा नहीं, अपितु अति विश्वास या अंध विश्वास करना घातक हो सकता है।* ***बिना विश्वास के जीना ऐसा ही है जैसे बिन तेल की बाती, बिन पानी के मछली।***

*यदि आपको कहीं जाना है तो- ड्राइवर पर, बाल कटवाना है तो- नाई पर, वस्त्र सिलवाना है तो- दर्जी पर, भोजन करना है तो- हलवाई पर भरोसा करना ही पड़ेगा। अन्यथ- जी नहीं पाओगे।* ***आज का माहौल ऐसा बन गया है कि हम किस पर विश्वास करें, किस पर नहीं।*** *पीठ और छाती के दोनों ओर कातिल खड़े हैं।* ***पहले के लोग पीछे से वार करते थे, आज के लोग देखते ही देखते सामने से आपको निपटा देते हैं।***

***मैं जानता हूं*** *- एक बेटी को जिसने अपने प्यार के स्वार्थ में पिता के चाकू से अनेक टुकड़े करके कमोड में फ्लश कर दिया। एक पिता का सबसे भरोसेमंद बेटा, अपने दोस्त को पैसे देकर पिता को गोलियों से छलनी करवा देता है।* ***किस पर विश्वास करें..?***

***सिर्फ दो पर ही भरोसा करो- एक खुद पर और दूसरा खुदा पर ( यानि परमात्मा पर )।*** *यदि इन दो पर पूरा भरोसा किया तो दूसरों पर संदेह और विश्वास की समस्या आपोआप मिट जायेगी।* ***हमेशा संदेह न करें, जिस पर विश्वास किया है। यदि विश्वास टूट गया तो क्या होगा..?*** *भरोसे में धोखा मिल जाये पर संदेह करेंगे तो अपने व्यक्ति का विश्वास भी खो देंगे। इसलिए अपने आप पर भरोसा करो और मन को हल्का करके जीवन जियो। क्योंकि -*

***रंग छोड़ते कपड़े और रंग बदलते लोग कितने भी ब्रांडेड हो, आखिर दिल और मन से उतर ही जाते हैं...!!!***

■ **अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज**

### जी-7 में पीएम मोदी पहुंचे, कहा-दोनों देशों को मिलकर मानवता को मजबूत करना होगा

# भारत और कनाडा के बीच बनी हाई कमिश्नर बहाल करने पर सहमति

**अल्बर्टा ■ एजेंसी**

कनाडा के अल्बर्टा प्रांत के कननास्किस में तीन आयोजित जी 7 समिट के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा- भारत और कनाडा के संबंध काफी महत्वपूर्ण हैं। मैं भारत को जी-7 में आमंत्रित करने के लिए आपका (कनाडाई पीएम कार्नी) बहुत आभारी हूं। मैं भाग्यशाली भी हूं कि मुझे 2015 के बाद एक बार फिर कनाडा आने और कनाडा के लोगों से जुड़ने का अवसर मिला है। इसी के साथ भारत और कनाडा के बीच हाई कमिश्नर को फिर से बहाल करने पर सहमति बन गई है। दरअसल आतंकी निज्जर हत्याकांड के बाद पिछले साल अक्टूबर में दोनों देशों ने 6-6 डिप्लोमैट्स को देश से निकाल दिया था। जी 7 में ईरान-इजराइल तनाव का असर दिखा।

इधर, रूस-यूक्रेन युद्ध और ईरान-इजराइल संघर्ष जैसे मुद्दों पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और बाकी 6 सदस्य देशों के बीच सहमति नहीं बन पाई। एक दिन पहले ट्रम्प अचानक समिट को छोड़कर अमेरिका लौट गए। इसकी वजह से जी 7 समिट के तय एजेंडा पर भी बातचीत नहीं हो पाई। समिट में जी7 देशों के राष्ट्राध्यक्ष की सिर्फ द्विपक्षीय वार्ता ही हुई। पीएम मोदी ने समिट में गेस्ट नेशन के रूप में हिस्सा लिया। कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने मोदी का वेलकम किया। इसके बाद दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच द्विपक्षीय मुलाकात हुई।

- **कनाडा के अल्बर्टा में कनाडा के पीएम ने हाथ मिलाकर स्वागत किया**
- **मोदी बोले- भारत और कनाडा के संबंध काफी महत्वपूर्ण**
- **वर्ल्ड लीडर्स से मुलाकात के बाद मोदी बैठक में शामिल हुए**
- **पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- दुनिया के विकास के लिए एक साथ**





### भारत और कनाडा एक साथ प्रगति करेंगे

पीएम मोदी ने कहा भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। पिछले दिनों जी-20 समिट की अध्यक्षता के रूप में भारत ने दुनिया के लिए कई इनिशिटिव लिए थे। जी 7 में उस पर काम करने की दिशा में हम आगे बढ़े। भारत और कनाडा के संबंध काफी महत्वपूर्ण हैं। कनाडा की कई कंपनियों को भारत में निवेश है। भारत के लोगों का भी कनाडा की धरती पर निवेश है। दोनों देशों को मिलकर लोकतंत्र, मानवता को मजबूत करना होगा। मुझे विश्वास है कि पीएम के चुनाव के बाद उनसे पहली बार मिला, उन्हें इस जीत की बधाई। आगे वाले समय में भारत और कनाडा एक साथ प्रगति करेंगे।

**मोदी का पोस्ट- भारत, जर्मनी आतंकवाद के खिलाफ एकजुट**
पीएम मोदी ने एक्स पर कहा कनाडा में जी7 समिट के दौरान जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के साथ बातचीत करके बहुत खुशी हुई। भारत और जर्मनी दोस्त हैं। इस साल हम अपनी रणनीतिक साझेदारी के 25 साल पूरे कर रहे हैं।



### पीएम मोदी दिग्गजों से मिले

- जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ गहन विचार-विमर्श किया।
- ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के साथ दिखे मोदी।
- इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने पीएम मोदी के साथ तस्वीर एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि, भारत और इटली के बीच गहरी दोस्ती है। इस पर मोदी ने जवाब दिया कि, प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, मैं आपसे पूरी तरह सहमत हूं। इटली के साथ भारत की दोस्ती और मजबूत होती जाएगी, जिससे हमारे लोगों का फायदा होगा।



**जी 7 नेताओं ने साझा बयान जारी किए :** जी 7 समिट की मेजबानी कर रहे कनाडा ने बताया कि, ग्रुप में शामिल सभी 7 देशों ने मिनरल्स, एआई और जंगलों में आग लगने की घटनाओं को रोकने जैसे मुद्दों पर 6 साझा बयानों पर सहमति जताई है। इसके अलावा क्वांटम कंप्यूटिंग, माइग्रेंट स्मगलिंग जैसे मुद्दों पर एक राय व्यक्त की है।

### ज्वालामुखी विस्फोट की वजह से लिया गया फैसला

## दिल्ली से बाली जा रही एयर इंडिया की उड़ान वापस लौटी

**नई दिल्ली।** पूर्वी इंडोनेशिया में एक शक्तिशाली ज्वालामुखी विस्फोट के कारण बुधवार को बाली जाने वाली एअर इंडिया की एक फ्लाइट सहित कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द करना पड़ा। कई उड़ानों का रास्ता भी बदलना पड़ा, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत में स्थित इंडोनेशिया के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक माउंट लेवोटोबी लाकी लाकी में मंगलवार शाम को विस्फोट हुआ। इससे राख के विशाल गुबार आसमान में 10,000 मीटर से अधिक ऊंचाई तक उड़े। एहतियात के तौर पर कई एयरलाइनों ने बाली के नगुराह राय अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर परिचालन निलंबित कर दिया। वर्जिन ऑस्ट्रेलिया, जेटस्टार, एअर न्यूजीलैंड, सिंगापुर की टाइगरएयर, जुनेयाओ एयरलाइंस और एअर इंडिया समेत कई एयरलाइनंस ने उड़ानें रद्द कर दीं।



### केदारनाथ पैदल मार्ग पर बड़ा हादसा

## लैंडस्लाइड की चपेट में आए कई लोग, दो की गई जान

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ पैदल मार्ग पर बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में दो लोगों के मौत की खबर है, जबकि तीन लोग घायल बताए जा रहे हैं। रेस्क्यू टीम ने घायलों का रेस्क्यू किया और उन्हें हॉस्पिटल भिजवाया। दो दिन पहले भी भारी बारिश के कारण केदारनाथ पैदल मार्ग पर एक व्यक्ति की मौत हुई थी। जानकारी के मुताबिक केदारनाथ धाम पैदल मार्ग पर आज बुधवार सुबह करीब 11.20 जंगलचट्टी गधेरे के पास ऊपर पहाड़ी से मलबा और पत्थर गिरे। पांच लोग इस मलबे की चपेट में आ गए। सूचना मिलते ही चौकी जंगलचट्टी पर नियुक्त पुलिस बल और डीडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। मलबे की चपेट में आने से कुछ लोग खाई में भी गिर गए थे, जिन्हें रेस्क्यू कर ऊपर लाया गया।





### भोपाल में ग्रामीण रंग, पर्यटन संग राज्य स्तरीय उत्सव का आयोजन

## सीएम की मौजूदगी में पर्यटन से जुड़ी संस्थाओं का एमओयू हुआ

**भोपाल।** ग्रामीण पर्यटन से स्वरोजगार व आर्थिक उन्नति को प्रोत्साहित करने के लिये आज सुबह 11 बजे से भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कंवेंशन सेंटर में ग्रामीण रंग, पर्यटन संग राज्य स्तरीय उत्सव का आयोजन शुरू हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में पर्यटन से जुड़ी अनेक संस्थाओं के साथ एमओयू हुए। उन्होंने ग्रामीण रंग पर्यटन संग उत्सव में चक्र पर मिट्टी से कलाकृति बनाई। सीएम ने यहां विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों और संस्थाओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन कर कलाकृतियों की सराहना की और शिल्पकारों का उत्साहवर्धन किया।

### अहमदाबाद विमान हादसे में बड़ा खुलासा



## 3 महीने पहले ही बदला गया था एयर इंडिया प्लेन का एक इंजन

**अहमदाबाद विमान हादसे में लगभग 270 लोगों की मौत हो चुकी**


**अहमदाबाद ■ एजेंसी**

अहमदाबाद में हादसे का शिकार हुए एअर इंडिया विमान को लेकर एक चौंकाने वाली बात सामने आई है। करीब 12 साल पुराने इस प्लेन के राइड साइड वाले इंजन की हाल ही में मरम्मत की गई थी और उसे तीन महीने पहले मार्च 2025 में बदला गया था। अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने वाला यह विमान टेकऑफ के कुछ मिनट बाद दुर्घनटाग्रस्त हो गया और इसमें 12 क्रू मेंबर्स समेत 242 यात्री सवार थे। हादसे में एक यात्री को छोड़कर बाकी सभी 241 लोगों की मौत हो गई।

सूत्रों ने बताया कि एअर इंडिया के इस विमान की जून 2023 में डिटेल मेंटेनेंस जांच भी की गई थी और इस साल दिसंबर में इसकी जांच का अगला राउंड निर्धारित किया गया था। अप्रैल में एअर इंडिया ने बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर के लिए बीमा कवर को 750 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 850 करोड़ रुपये कर दिया था। अहमदाबाद में हुई दुर्घटना देश में एक दशक से ज्यादा वक्त में हुए सबसे भीषण हवाई हादसों में से एक है। इस त्रासदी से एविएशन इंश्योरेंस सेक्टर में भूचाल आने की आशंका है और कुल क्लेम देश में सबसे महंगा होने का अनुमान है, जो करीब 3,000 करोड़ रुपये है।

अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद विमान संख्या एआई 171 मेघानी नगर में एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गया, जिसमें 241 यात्रियों सहित लगभग 270 लोगों की मौत हो गई थी। एक यात्री ही जिंदा बच पाया था।

### ईरान ने इजराइल की राजधानी तेल अवीव पर रात को मिसाइलें दागीं



## ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई बोले- जंग शुरू, इजराइल पर कोई दया नहीं

**ईरान में मौत का आंकड़ा 600 के करीब पहुंचा**

**तेहरान/तेल अवीव ■ एजेंसी**

ईरान-इजराइल के बीच पिछले 5 दिनों से हिंसक संघर्ष जारी था, अब खामेनेई की पोस्ट को जंग का अधिकारिक ऐलान माना जा रहा है। यानी अब इसे संघर्ष की बजाय जंग कहा जाएगा।

कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जल्द अमेरिका भी इसमें शामिल हो सकता है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने मंगलवार देर रात एक्स पर लिखा- जंग शुरू होती है। हम आतंकी यहूदी शासन को कड़ा जवाब देंगे। उन पर कोई दया नहीं दिखाएंगे। इस ऐलान के बाद ईरान ने इजराइल पर 25 मिसाइलें दागी हैं।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा से आने के बाद व्हाइट हाउस में नेशनल सिक्योरिटी टीम के साथ बैठक की। इसके बाद अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में और ज्यादा फाइटर जेट्स भेजने का फैसला किया। वॉशिंगटन स्थित एक ह्यूमनराइट्स ग्रुप ने दावा किया है कि ईरान में मौत का आंकड़ा अब 585 हो चुका है। जबकि 1,326 लोग घायल हुए हैं।

### अमेरिका ने तैनाती बढ़ाई

अमेरिका मध्य पूर्व में और अधिक लड़ाकू विमान तैनात कर रहा है। युद्धक विमानों की तैनाती भी बढ़ा रहा है। तीन अमेरिकी अधिकारियों ने कि अमेरिकी सेना ने उत्तर-पूर्वी सीरिया में स्थित दो और ठिकानों से वापसी कर ली है, जिससे सैनिकों की संख्या में तेजी आ गई है। इस बारे में अमेरिका समर्थित सीरियाई कुर्द बलों के कमांडर ने कहा कि इससे इस्लामिक स्टेट को फिर से उभरने का मौका मिल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### तालाब में डूबने से 12 साल के बच्चे की मौत

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र में मंगलवार को 12 वर्षीय अश्विन की तालाब में डूबने से मौत हो गई। वह खेलने का कहकर घर से निकला था और अपने दोस्तों के साथ नहाने चला गया, लेकिन गहराई का अंदाजा न लग पाने से वह डूब गया। जब तक उसे बाहर निकाला गया, तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कनाड़िया पुलिस के मुताबिक, मृतक अश्विन पुत्र सुरेश रमाबाई नगर में रहता था। वह कक्षा 5 का छात्र था और दोपहर में दोस्तों के साथ घर से करीब 3 किलोमीटर दूर अंबा मुलिया इलाके में नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक गहराई में चला गया। उसके दोस्तों ने शोर मचाकर मदद मांगी, जिसके बाद आसपास के लोग पहुंचे और किसी तरह अश्विन को तालाब से बाहर निकाला। उसे तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### युवती से मिलने पहुंचे युवक ने किया जानलेवा हमला

**जबलपुर।** जबलपुर के ओमती क्षेत्र में मंगलवार की रात एक युवती पर उसके पुराने दोस्त ने सरेराह जानलेवा हमला कर दिया। युवती के हरियाणा जाने के इनकार से नाराज युवक ने सड़क पर पड़ा एक बड़ा पत्थर उठाकर उसके सिर पर मार दिया और मौके से फरार हो गया। घायल युवती को राहगीरों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। ओमती पुलिस के मुताबिक, 21 वर्षीय पीड़िता हरियाणा के फरीदाबाद की रहने वाली है और जबलपुर के होटल विजन महल में होटल मैनेजमेंट का कोर्स कर रही है। वह होटल के पास ही किराए के मकान में रह रहती है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि तीन साल पहले उसकी दोस्ती हरियाणा के पलवल निवासी प्रिंस उर्फ लवकेश पवार (23) से हुई थी।

### उज्जैन में हनुमान मंदिर के बाहर पड़ी मिल रही हड्डियां

**उज्जैन।** उज्जैन के ढाबा रोड स्थित प्रसिद्ध गेबी हनुमान मंदिर की गली के बाहर हड्डी मिलने से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। भक्तों और रहवासियों का कहना है कि मंदिर जैसी पवित्र जगह के पास इस तरह की वस्तुएं मिलना न सिर्फ आस्था को ठेस पहुंचा रहा है, बल्कि इससे हमारा धर्म भ्रष्ट हो रहा है। लोगों ने नगर निगम से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। मंदिर के पुजारी गोवर्धन महाराज ने बताया, मंदिर की पूरे देश में प्रतिष्ठा है। लेकिन यहां आए दिन गली के बाहर हड्डियां फेंकी जाती हैं। कई बार कुत्ते या अन्य जानवर इन्हें उठा कर लाते हैं या कोई व्यक्ति जानबूझकर ऐसा कर रहा है। इसी वजह से हमने मंदिर परिसर और गली में सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं।

### पूर्व पार्षद के बेटों ने नगरपालिका पंप ऑपरेटर को पीटा

**इटारसी।** इटारसी में पूर्व पार्षद रजनीकांत सोनकर के बेटे राहिल और अनुज सोनकर ने न्यास कॉलोनी में नगर पालिका के पंप ऑपरेटर से मारपीट की। घटना मंगलवार शाम साढ़े 4 बजे की है। बंगाली कॉलोनी निवासी पंप ऑपरेटर शुभम इंगोले न्यास कॉलोनी की टंकी भर रहे थे। इसी दौरान राहिल और अनुज सोनकर वहां पहुंचे। दोनों ने अपने भवन में पानी सप्लाई के लिए दबाव बनाना शुरू किया।

## बच्चे के इलाज के लिए जा रही महिला से रेप

# आरोपी ने पहले किडनैप किया, फिर बंधक बनाया, 5 दिन तक की ज्यादती

**जबलपुर ■ निसं**

सिवनी जिले के लखनादौन में रहने वाली एक महिला अपने दो साल के बच्चे का इलाज करवाने के लिए जबलपुर आई थी, जहां एक व्यक्ति ने पहले तो जबरन उसका अपहरण किया और फिर एक खंडहर में ले जाकर रेप किया। आरोपी ने महिला को पांच दिन तक अपने घर पर बंधक बनाकर भी रखा और रोजाना उसके साथ ज्यादती करता रहा। मंगलवार को महिला बदमाश के चंगुल से छूटकर अपने घर पहुंची, जहां सास और पति को पूरी घटना बताई। पीड़ित महिला सास के साथ जबलपुर महिला थाने पहुंची और गांव के ही विश्वनाथ उर्फ विष्णु लोधी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। 29 वर्षीय महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी विष्णु और उसके साथी विक्की के खिलाफ मामला दर्ज कर तालाश शुरू कर दी है।

**आरोपी सफेद कार में आए थे, बैठाकर ले गए:** पीड़िता सिवनी जिले के गांव भिलमा की रहने वाली है। इसी गांव में आरोपी विश्वनाथ भी रहता है। 11 जून की सुबह पीड़िता अपनी सास और दो साल के बेटे को लेकर बस में बैठकर जबलपुर लिए निकली। दोपहर को पीड़िता सास और बच्चे के साथ बरगी डैम पहुंची, जहां स्नान किया और फिर बस में बैठकर जबलपुर के लिए निकले। गौर तिराहा के पास अचानक ही महिला को बस में उल्टी आने लगी, जिसके चलते तीनों गौर में बस से उतर गए। सड़क किनारे बैठकर ऑटो का इंतजार कर रहे थे। पीड़िता का दो साल का बच्चा रो रहा था, जिसे चुप कराने के लिए बच्चे को लेकर किराना दुकान में कुरकुरे खरीदने चली गई। महिला थोड़ी आगे गई थी कि पीछे से सफेद कार में विश्वनाथ और उसका साथी विक्की आ गया, विश्वनाथ ने पीड़िता से कहा कि मैं जबलपुर जा रहा हूं, चलो तुम्हें भी छोड़ दूंगा, जिस पर महिला ने बताया कि वह सास के साथ आई है और बस से चली जाएगी।




#### 5 दिन तक बंधक बनाकर रखा

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि विश्वनाथ ने अपनी कार मोड़ी और फिर तेज रफ्तार में बरगी, बंदरकोला गांव तरफ दौड़ा दी। कुछ दूर आगे जाने के बाद विश्वनाथ ने विक्की को कार से उतार दिया और फिर थोड़ा आगे जाकर एक सुनसान मकान में ले जाकर रेप

#### सास ने कराई गुमशुदगी की रिपोर्ट

11 जून को गौर तिराहे पर अचानक से गायब हुई बहू और पोते का सास काफी देर तक इंतजार करती रही। जब महिला नहीं आई तो सास गौर पुलिस चौकी पहुंची और बहू के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पीड़िता की सास ने बताया कि वह बहू के साथ जबलपुर दो साल के पोते का इलाज करवाने आई थी।

#### पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी

पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने विश्वनाथ उर्फ विष्णु के खिलाफ अपहरण, रेप सहित कई धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि महिला की शिकायत को पुलिस ने गंभीरता से लिया है। महिला थाना और गौर पुलिस चौकी टीम विश्वनाथ और उसके सहआरोपी को तलाश कर रही है, जल्द ही दोनों गिरफ्तार कर लिए जाएगें।

## अप्रैल में की थी राजा की हत्या की प्लानिंग, संजय वर्मा से भी बातें करती थी सोनम

**इंदौर ■ निसं**



राज और सोनम ने अप्रैल माह में सुपर कॉरिडोर के अवंति रेस्टोरेंट में दो बार मिटिंग की थी। एक बार विशाल भी इसमें शामिल हुआ था। उस रेस्टोरेंट में ही राजा की हत्या की प्लानिंग की गई थी और 23 मई को उसे अंजाम दिया गया।

हनीमून के बहाने शिलांग ले जाकर अपने पति राजा की हत्या करने वाली सोनम शादी की तैयारियों के साथ राजा की हत्या की प्लानिंग भी कर रही थी। पहले वह सुपर कॉरिडोर के रेस्टोरेंट में जाकर राज से हत्या की प्लानिंग की मिटिंग करती थी और फिर राजा के साथ शादी की तैयारियों के लिए खरीददारी। राजा के परिवार वालों को सोनम ने कभी जाहिर नहीं होने दिया कि उसके दिमाग में क्या चल रहा है। उधर सोनम संजय वर्मा नामक युवक से भी कई बार बातें करती थी। संजय कौन है, इसका पता भी पुलिस लगा रही है। इसकी जानकारी सोनम के भाई गोविंद को भी नहीं है।

राज और सोनम ने अप्रैल माह में सुपर कॉरिडोर के अवंति रेस्टोरेंट में दो बार मिटिंग की थी। एक बार विशाल भी इसमें शामिल हुआ था। उस रेस्टोरेंट में ही राजा की हत्या की प्लानिंग की गई थी और 23 मई को उसे अंजाम दिया गया। राज और विशाल के साथ सोनम ने राजा की हत्या के बाद छुपने, फिर सिलीगुड़ी में खुद के अपहरण की कहानी गढ़कर सामने आने की प्लानिंग कर रखी थी, लेकिन पुलिस ने सोलहवें दिन कड़ियां जोड़कर हत्यारों का पता लगा लिया।

सोनम को गाजीपुर में सबके सामने आना पड़ा। सोनम राज के अलावा एक और शख्स संजय वर्मा से भी बातें करती थी। संजय कौन है इसका अभी तक पता नहीं चला है। मार्च में सोनम ने संजय से 100 से ज्यादा बार बातें की है। संजय वर्मा सोनम की फर्म से भी नहीं जुड़ा है। सोनम के भाई गोविंद का कहना है कि वे किसी संजय नामक व्यक्ति को नहीं जानते है।

## सात साल पुराने जघन्य हत्याकांड में दोषियों को मिली सजा, कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद

**सीहोर ■ निसं**

भोपाल के दूल्हा बादशाह कॉलोनी में करीब 7 साल पहले मादक पदार्थ कारोबारी नरेश वर्मा की निर्मम हत्या के मामले में कोर्ट ने मां-बेटे को उम्रकैद की सजा सुनाई है। नरेश की हत्या प्रेम प्रसंग और पैसों की लालच में की गई थी।

मादक पदार्थों का कारोबार करने वाले परिवार ने पैसों और पारिवारिक रंजिश के चलते एक युवक की नृशंस हत्या कर दी थी। मृतक के शरीर के टुकड़े कर उसे बोरी में भरकर अलग-अलग स्थानों पर फेंक दिया गया था। करीब सात साल पुराने इस मामले में कोर्ट ने आरोपी मां-बेटे को उम्रकैद और जुर्माने की सजा सुनाई है।

द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश एम.के. वर्मा की अदालत ने इस केस में दोषी पाए गए इशरत (46) और उसके बेटे अमन उर्फ सैफी जमाल (31) को उम्रकैद और 54 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। इस मामले में तीसरा आरोपी, इशरत का पति सोहेल जमाल, पूछताछ के दौरान जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर चुका है।




#### ऐसे हुआ था सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा

अपर लोक अभियोजक रेखा चौरसिया ने बताया कि 23 नवंबर 2018 की सुबह 4 बजे गणेश मंदिर के पास कर्बला पुल क्षेत्र में प्लास्टिक की बोरी में एक मानव धड़ मिला था। 20 मीटर दूर दूसरी बोरी में शरीर के अन्य हिस्से और 70 मीटर दूर दोनों हाथ और खोपड़ी बरामद हुई। जांच में मृतक की पहचान नरेश वर्मा के रूप में हुई, जो मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़ा था।

#### वजह बनी प्रेम-प्रसंग और पैसों की लालच

पुलिस को जांच में पता चला कि नरेश, दूल्हा बादशाह कॉलोनी निवासी सोहेल जमाल के घर अक्सर आता था और उसकी सोहेल की बेटी से प्रेम-प्रसंग था। साथ ही घटना वाले दिन नरेश के पास लाखों रुपये भी थे। पुलिस पूछताछ में इशरत और अमन ने बताया कि इसी कारण उनकी नीयत डोल गई और उन्होंने नरेश की हत्या कर दी।

हत्या के बाद शव को काटकर बोरी में भरकर फेंक दिया गया। पुलिस ने पुख्ता साक्ष्य जुटाते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और कोर्ट में चालान पेश किया। मामले में सोहेल की पूछताछ के दौरान मौत हो गई थी। कोर्ट ने इशरत और अमन को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और अन्य धाराओं के तहत दोषी मानते हुए उम्रकैद और 54 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

## नाबालिग भांजी से दुष्कर्म करने वाले मामा को आजीवन कारावास, 50 हजार रुपये जुर्माना भी

**बालाघाट ■ निसं**

बैहर न्यायालय ने नाबालिग भांजी से दुष्कर्म करने के मामले में मामा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके आलावा अदालत ने 50 हजार रुपये के अर्थदंड भी लगाया है।

बालाघाट जिले के मलाजखंड थाना क्षेत्र में 5 साल की नाबालिग भांजी से दुष्कर्म करने वाले मामा को बैहर न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस फैसले से न्याय की जीत हुई है और समाज में ऐसे घृणित अपराधों के खिलाफ कड़ा संदेश गया है।

यह दिल दहला देने वाली घटना 2 फरवरी 2020 की शाम को हुई थी। पीड़िता अपनी मां से बिस्कुट खरीदने के लिए पैसे लेकर जा रही



थी। उसी समय घर आए मामा फागु उर्फ फागेश्वर राउत ने बच्ची का मुंह दबाकर उसे जबरन कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता की मां ने जब अपनी बेटी को आरोपी के चंगुल में देखा तो उसने तुरंत हस्तक्षेप किया। आरोपी मां को देखकर भागने लगा, जिसे मां ने पकड़ने की कोशिश भी की और एक चांटा भी मारा, लेकिन वह फरार होने में कामयाब रहा।

मलाजखंड पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर तत्काल मामला दर्ज किया। मामले की जांच के दौरान पुख्ता साक्ष्य जुटाए गए, जिसमें डीएनए रिपोर्ट भी शामिल थी। बैहर न्यायालय के अपर एवं जिला सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र सिंह गुर्जर की अदालत में यह मामला चला। अभियोजन पक्ष के मजबूत तर्कों और प्रस्तुत किए गए साक्ष्यों के आधार पर, 26 वर्षीय आरोपी फागु उर्फ फागेश्वर राउत को दोषी पाया गया।

न्यायालय ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 एबी (12 वर्ष से कम उम्र की बच्ची से दुष्कर्म) और पॉक्सो एक्ट की धारा 5एम/6 (यौन उत्पीड़न) के तहत आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये के अर्थदंड की कठोर सजा सुनाई है।

## अवैध रेत परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, वन विभाग व पुलिस ने तीन वाहन किए जब्त

**शहडोल ■ निसं**

जिले में अवैध रेत खनन और परिवहन के खिलाफ चलाए गए संयुक्त अभियान में वन विभाग और पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान तीन वाहन जब्त किए गए। यह कार्रवाई वन संरक्षक अजय कुमार पाण्डेय और दक्षिण शहडोल की वन अधिकारी श्रद्धा पन्द्रे के नेतृत्व में की गई। जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ संयुक्त अभियान में वन विभाग और पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन वाहनों को जब्त किया है। यह कार्रवाई वन संरक्षक अजय कुमार पाण्डेय और दक्षिण शहडोल वनमंडलाधिकारी श्रद्धा पन्द्रे के नेतृत्व में की गई।

वन विभाग की पहली कार्रवाई गोहपारू वन परिक्षेत्र में की गई, जहां एक ट्रैक्टर अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहा था। वन अमले को



देखकर चालक मौके से फरार होने की कोशिश करने लगा, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। ट्रैक्टर पर नंबर प्लेट नहीं थी और उसमें अवैध रूप से रेत भरी हुई थी। वाहन को जब्त कर गोहपारू वन परिक्षेत्र कार्यालय परिसर में खड़ा किया गया है।

दूसरी कार्रवाई में वन विभाग को शहडोल क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन की सूचना मिली थी। बाणगंगा पेट्रोल पंप के पास एक वाहन को रोका गया। चालक ने रॉयल्टी पर्ची तो दिखाई, लेकिन जांच में वाहन का चेसिस नंबर अलग पाया गया। विभाग ने वाहन को जब्त कर नरसरहा डिपो में रखवा दिया है।

तीसरी कार्रवाई जैतपुर थाना पुलिस ने की। पुलिस को कुनुक नदी से अवैध रेत उत्खनन की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को देख ट्रैक्टर चालक भाग गया। पुलिस ने रेत से भरे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है और वाहन मालिक व चालक की तलाश जारी है। वन विभाग और पुलिस की यह संयुक्त कार्रवाई क्षेत्र में अवैध रेत कारोबार पर सख्त संदेश देने वाली मानी जा रही है।

## उज्जैन में लव जिहाद का मामला

## युवती से पहचान छुपाकर की दोस्ती, अब मामला दर्ज

**उज्जैन ■ निसं**

उज्जैन में एक बार फिर लव जिहाद का मामला सामने आया है। यहां रहने वाली एक युवती ने शिकायत में बताया कि उसके सामने रहने वाले युवक ने खुद को हिंदू बताकर 'कानू पटेल' नाम से दोस्ती की, लेकिन बाद में उसका असली नाम नफीस सामने आया। युवती जब सच्चाई जानने के बाद दूरी बनाने लगी तो युवक ने जान से मारने की धमकी दी और मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव डालने लगा।

**इंस्टाग्राम से शुरू हुई बात:** जीवाजीगंज थाना पुलिस के अनुसार आरोपी नफीस दो महीने पहले इंस्टाग्राम पर युवती से जुड़ा और हिंदू नाम से खुद को 'कानू पटेल' बताया। उसने प्यार और शादी का झांसा दिया। युवती ने शुरू में मिलने से इनकार कर दिया, लेकिन जब नफीस ने बार-बार दबाव बनाया और धमकाया, तो वह डर की वजह से विष्णु सागर उद्यान में मिलने पहुंची। वहां आरोपी ने शादी का झांसा देते हुए धर्म परिवर्तन की शर्त रखी और अश्लील हरकत भी की।

**युवती की सूचना पर भीड़ एकत्रित:** युवती के शोर मचाने पर आसपास भीड़ जमा हो गई। इसके बाद युवती ने अपने पिता को बुलाया और पूरे मामले की जानकारी दी। युवती ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने आरोपी कानू उर्फ नफीस के खिलाफ धारा 74, 75, 319(2), 351(3) बीएनएस और मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धाराओं में मामला दर्ज किया है।



जानकारी देते बजरंग दल के पदाधिकारी।

## शुभम नेपाली गिरोह का भंडाफोड़, तस्करी में बच्चों का इस्तेमाल

**इंदौर।** इंदौर के द्वारकापुरी इलाके में ड्रग तस्करी का बड़ा नेटवर्क सामने आया है। रविवार-सोमवार को पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में शुभम नेपाली का नाम सामने आया था। पुलिस शुभम की घेराबंदी कर रही थी, तभी मंगलवार को उसका छोटा भाई रजत यादव उर्फ नेपाली हाथ लग गया। पुलिस ने उसके पास से 12 ग्राम एमडी ड्रग जब्त किया है। वह 8 साल की बच्ची के साथ घूम रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर मुख्य सरगना की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने रविवार और सोमवार को लोकेश मोरवाल, रितेश उर्फ नेगू, यश वानखेड़े और दीपक बामने को ड्रग के साथ पकड़ा था। उनसे पूछताछ में एक बार फिर शुभम नेपाली का नाम सामने आया है। शुभम पहले भी गैंगवार और नशे के अवैध कारोबार में जेल जा चुका है, लेकिन जमानत पर बाहर आने के बाद उसने फिर से ड्रग तस्करी का धंधा शुरू कर दिया। वहीं रजत ने पूछताछ में बताया कि वह शुभम के लिए काम करता है और चलते-फिरते ही ड्रग बेचता है। इसका जितना पैसा इकट्ठा होता है, वह शुभम को देता है।

### ओबीसी को जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने की मांग

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में ओबीसी को जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि इसी प्रकार की एक याचिका सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। यह जानकारी मिलने के बाद हाईकोर्ट ने इस मामले की सुनवाई 8 सितंबर 2025 तक के लिए स्थगित कर दी यह याचिका एडवोकेट यूनियन फॉर डेमोक्रेसी एंड सोशल जस्टिस संगठन की ओर से दायर की गई है। मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति विनय सराफ की खंडपीठ ने राज्य सरकार से याचिका पर जवाब पेश करने को कहा।

# 100 इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदेगा निगम, डीजल और सीएनजी गाड़ियों से हुआ परेशान

**इंदौर ■ निसं**

निगम डीजल और सीएनजी गाड़ियों के महंगे खर्चे को कम करने के लिए और इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदने की तैयारी कर रहा है। पुरानी और खटारा डीजल गाड़ियों को नीलाम किया जाएगा, और नए इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन तैयार किए जा रहे हैं। इंदौर नगर निगम के द्वारा शहरभर से कचरा समेटने के लिए 900 से ज्यादा गाड़ियों का संचालन किया जाता है, जिनमें से कई पुरानी डीजल गाड़ियां हैं। इन गाड़ियों पर हर माह करीब 4 करोड़ रुपये का डीजल खर्च होता है। हाल ही में नगर निगम ने सीएनजी गाड़ियां भी खरीदी थीं, लेकिन इनकी लागत भी अपेक्षाओं के मुताबिक नहीं रही। इसके चलते अब नगर निगम ने बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रिक गाड़ियों की खरीदारी की योजना बनाई है।

**बार बार खराब हो रही डीजल गाड़ियां:** नगर निगम द्वारा शहर के 85 वार्डों में कचरा उठाने के लिए रोज़ाना बड़ी संख्या में हल्ला गाड़ियां दौड़ाई जाती हैं। इसके साथ-साथ बड़े वाहनों के जरिए बल्क में कचरा भी उठाया जाता है। हालांकि, इनमें से अधिकांश पुरानी डीजल गाड़ियां बार-बार खराब हो जाती हैं, जिससे निगम को अतिरिक्त खर्च का सामना करना पड़ता है। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि हर महीने 4 करोड़ रुपये से अधिक का खर्च डीजल और सीएनजी पर आता है, जिसे कम करने के लिए अब सौ और इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदी जाएंगी।




#### सीएनजी गाड़ियों के रिजल्ट भी अच्छे नहीं रहे

सीएनजी गाड़ियां खरीदी जाने के बाद भी खर्च कम नहीं हुआ और इनकी कार्यक्षमता भी उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। इसी कारण निगम ने एक माह पहले 100 इलेक्ट्रिक हल्ला गाड़ियां खरीदी थीं, जिनका संचालन अब विभिन्न वार्डों में कचरा उठाने के लिए किया जा रहा है। इन इलेक्ट्रिक गाड़ियों की कार्यक्षमता बेहतर रही है और अब इन्हें धीरे-धीरे डीजल गाड़ियों की जगह दी जा रही है। इसके साथ-साथ इन गाड़ियों के लिए चार्जिंग स्टेशन और वर्कशॉप विभाग में तैयार किए जा रहे हैं।

## दो सहेलियों ने समलैंगिक विवाह को सार्वजनिक किया

### कोर्ट में दाखिल किया शपथ पत्र

**छतरपुर ■ निसं**

मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले की दो लड़कियों, गायत्री रैकवार और क्रांति श्रीवास ने अपनी समलैंगिक शादी सबके सामने स्वीकार कर ली है। दोनों ने नौगांव तहसील में जाकर शपथ पत्र जमा किया और साथ रहने का फैसला किया है। इनके परिवार वालों को पहले इस बारे में जानकारी नहीं थी। छतरपुर जिले के नौगांव थाना क्षेत्र के मऊसानिया गांव से एक बार फिर समलैंगिक विवाह का मामला सामने आया है। गांव की दो युवतियों 24 वर्षीय गायत्री रैकवार और 21 वर्षीय क्रांति श्रीवास ने नौगांव तहसील में उपस्थित होकर



अपने समलैंगिक विवाह को लेकर शपथ पत्र दाखिल किया है। दोनों ने अपने हलफनामे में बताया कि उन्होंने 9 दिसंबर 2023 को आपसी सहमति से विवाह किया था, लेकिन अब तक यह बात परिजनों से छिपाकर रखी गई थी। अब वे अपने रिश्ते को सार्वजनिक कर रही हैं।

दोनों युवतियों ने कहा है कि वे अपना जीवन अपने तरीके से जीना चाहती हैं और इस रिश्ते में पूरी तरह संतुष्ट हैं।

# महापौर श्रीमती राय संगीतमय सुंदरकांड में सम्मिलित हुई और पूजा-अर्चना की



**भोपाल।** महापौर श्रीमती मालती राय हनुमान मंदिर में आयोजित संगीतमय सुंदरकांड में सम्मिलित हुई और विधिवत पूजा-अर्चना भी की। महापौर श्रीमती मालती राय मंगलवार को देर शाम कल्पना नगर स्थित टावर वाले हनुमान मंदिर आयोजित संगीतमय सुंदरकांड में सह परिवार सम्मिलित हुई और विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मंदिर समिति के सदस्य व श्रद्धालुजन मौजूद थे।

# विज्ञाश्री माताजी के सानिध्य में संत भवन का हुआ उद्घाटन

भोपाल ■ अमृत दर्शन

प. पू. भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका गुरु मां विज्ञाश्री माताजी ससंघ भोपाल में धर्म की महती प्रभावना कर रही है। माताजी ससंघ का पद्मनाभ नगर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। माताजी ससंघ के सान्निध्य में यहां संत भवन का उद्घाटन किया गया। अभिषेक शांतिधारा के पश्चात पूज्य माताजी का मंगल उद्बोधन हुआ। प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया, कि माताजी का सासंघ मंदिरों में वंदना कर पद विहार चल रहा है। अभिरुचि कॉलोनी से पद विहार कर आज पद्मनाभ नगर पहुंची। माताजी ने सभी को धर्मोपदेश देते हुए कहा कि - पद्मनाभ नगर में आप निवास कर रहे हैं। पद्मनाभ कुलकर भोगभूमि में जन्मे थे। वह 10 प्रकार के कल्पवृक्षों से मनवांछित फल प्राप्त करते थे। भोगभूमि के जीवों को कष्ट नहीं होता। कषाय अल्प होती है, इसलिए उन्हें देव गति की प्राप्ति होती है। सत्पात्रों को दान देने से उत्तम भोगभूमि की प्राप्ति होती है। पद्म के फूल जैसे अलिप्त रहकर जैसे भरत चक्रवर्ती घर में रहकर भी अलिप्त था। इसलिए जल्दी कैवल्य ज्ञान की प्राप्ति हो गई थी। ऐसे ही आप सभी अपने मन को धर्म में लगाये। इस अवसर पर अध्यक्ष पी सी सेठी, वरिष्ठ अधिवक्ता समाज सेवी एडवोकेट कल्पना गोहिल, एडवोकेट पुष्पेंद्र जैन, जीतमल जैन, अनिल जैन, संजय जैन, महिला मंडल, सुनीता जैन, मंजू, चंचल सेठी, कीर्ति सहित अनेक लोग मौजूद थे।



## संक्षिप्त समाचार

### अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर पर खाद्य विभाग की रेड

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के पुष्पा नगर क्षेत्र में अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर की सूचना मिलने पर खाद्य विभाग ने कार्यवाही करते हुए यहां से सवा लाख कीमत के करीब 38 सिलेंडर, रिफिलिंग मशीन जब्त की है। यहाँ स्थित रमेश शर्मा के मकान में घरेलू से कमर्शियल गैस सिलेंडर में गैस रिफिलिंग की जा रही थी। बताया जा रहा है कि कमर्शियल सिलेंडर में रिफिलिंग का यह नया मामला है। मिली जानकारी के मुताबिक शिकायत मिलने पर यह रिफिलिंग सेंटर विभागीय टीम की राडार पर था। मंगलवार को सही मौका नजर आते ही टीम ने घर के अंदर दबिश दी। यहाँ से 16 कमर्शियल सिलेंडर, 22 घरेलू सिलेंडर, 2 वेट मशीन, 1 डेढ़ हॉर्स पावर की गैस अंतरण की मशीन सहित अन्य सामान जब्त किया गया है। यहां पर घरेलू सिलेंडर से व्यवसायिक गैस सिलेंडर में गैस रिफिलिंग का कार्य किया जा रहा था। अधिकारियो ने बताया की कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन और टीम ने यह कार्रवाई की। सहायक आपूर्ति अधिकारी संदीप भार्गव, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पुष्पराज पाटील, सफदर खान, मयंक द्विवेदी समेत अन्य अधिकारी भी कार्रवाई में शामिल रहे।

### हथियार लेकर जुए के अड्डे पर जा रहे बदमाशो को पुलिस ने दबोचा

**भोपाल।** टीला पुलिस ने शाहजहॉनाबाद थाना इलाके के आदतन बदमाश को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह धारदार हथियार लेकर जुए के अड्डे पर जा रहा था। पुलिस ने एक अन्य बदमाश को भी कार्यवाही के दौरान दबोचा है। थाना प्रभारी टीला डीपी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की इलाके में जुए-सट्टे पर अंकुश लगाने के लिये संदिग्ध व्यक्तियो की चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान सुबह करीब 6 बजे हरि मजार और पुतलीघर के पास दो युवको को चैकिंग के लिये रोका गया तो वह भागने लगे। टीम ने घेराबंदी कर उन्हें पकडकर पूछताछ की जिसमें उनकी पहचान जुनेद उर्फ बच्चा पिता नवेद उर्फ अच्छे मिया (25) निवासी सेफिया कालेज रोड थाना शाहजहॉनाबाद स्थाई पता मुरली नगर करोंद थाना निशातपुरा और सोनू उर्फ भूरा पिता स्व. पप्पू उर्फ राकेश सहेले (29) निवासी कवीटपुरा थाना टीलाजमालपुरा के रुप में हुई। तलाशी लेने पर बदमाश जुनेद के पास धारदार छुरी रखी मिली। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला कायम किया गया। बदमाशो ने पूछताछ में बताया की वह हरी मजार के पास जुए खेलने जा रहे थे। गिरफ्तार बदमाश.जुनेद उर्फ बच्चा के खिलाफ भोपाल के थाना निशातपुरा, कोहेफिजा, शाहजहॉनाबाद, गौतमनगर, गोविन्दपुरा, हनुमानगंज, टीलाजमालपुरा सहित बलकबाडा खरगोन में 17 अपराधिक मामले दर्ज है।

### काम के दौरान चक्कर खाकर गिरे जेपी अस्पताल के वार्ड ब्वाय की मौत

**भोपाल।** हबीबगंज थाना इलाके में स्थित जय प्रकाश चिकित्सालय में वार्ड ब्वाय की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने का मामला सामने आया है। बताया गया है की वह फार्मेसी में दवाइयां जमा रहे थे, इसी दौरान अचानक चक्कर आने के बाद वो गिरकर बेसूध हो गए। उसका अस्पताल में फौरन ही इलाज किया गया लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। अनुमान है, कि उनकी मौत हार्ट अटैक के कारण हुई है। पुलिस के अनुसार राजहर्ष कॉलोनी, कोलार में रहने वाले सुनील जोशी (57) जय प्रकाश अस्पताल में वार्ड ब्वाय थे। सोमवार सुबह वह ड्यूटी पहुंचे और साथियों के साथ चाय पीने के बाद फार्मेसी विभाग चले गए। सुबह करीब साढ़े दस बजे वे दवाइयां जमा रहे थे, उसी समय अचानक चक्कर आने के वह जमीन पर गिरकर बेसूध हो गए।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने योग दिवस कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की

# योग मिटाए रोग, इसलिए रोज करें योग - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि योग शरीर का रोग मिटाकर इसे विकार मुक्त करता है। स्वस्थ काया के लिए सबको रोज योग करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर पुरातन योग पद्धति को अब अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिल चुकी है और इसीलिए सिर्फ भारत में नहीं, वरन् पूरे विश्व में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 21 जून को होने वाले आयोजन की तैयारी को लेकर समीक्षा कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे हर्षोल्लास और मनोयोग से मनाया जाए। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार इस दिन वर्षा की आशंका को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को राज्य स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के लिए ऐसे स्थल का चयन करने के निर्देश दिए, जो ऊपर से कवर्ड (शेडयुक्त) हो और उसमें अधिकतम प्रतिभागी भाग ले सकें। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास में सबकी सहभागिता हो सिर्फ बच्चे ही नहीं, युवा, बुजुर्ग, महिलाएं सभी शामिल हों। योगाभ्यास कार्यक्रम की समुचित एवं सुनियोजित तैयारियां की जाएं। योगाभ्यास स्थल पर पानी का जमाव न होने पाए, कार्यक्रम स्थल तक सहज पहुंच और पार्किंग की भी समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास कार्यक्रम यथासंभव स्कूल, महाविद्यालय, मेडिकल कॉलेज या ऐसी अन्य शिक्षण संस्थाओं के कवर्ड कैम्पस में आयोजित किए जाएं।

बैठक में उच्च शिक्षा, आयुष और तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन, अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण मनु श्रीवास्तव, अपर मुख्य सचिव महिला एवं बाल विकास श्रीमती रश्मि अरूण शमी, अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे, प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन शिवशेखर शुक्ला, सचिव एवं आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में प्रमुख सचिव आयुष डी.पी. आहूजा ने बताया कि इस वर्ष केन्द्र सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग तय की गई है। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को सुबह 6.00 से 6.20 बजे तक स्थानीय कार्यक्रम एवं जनप्रतिनिधियों के उद्बोधन होंगे।

सुबह 6.20 से 6.30 बजे तक भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया जायेगा। सुबह 6.30 से 7.00 बजे तक विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया जायेगा।

# बी.सी.एल.एल की सी.एन.जी बसों का संचालन पुनः प्रारंभ

भोपाल ■ अमृत दर्शन

नगर निगम, भोपाल द्वारा अपनी अधीनस्थ सार्वजनिक लोक परिवहन कम्पनी भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड (बी.सी.एल.एल.) के माध्यम से आमजन की सुविधा एवं पर्यावरण अनुकूलता के दृष्टिगत भारत सरकार की अमृत योजना के अंतर्गत सी.एन.जी बसों का संचालन मेसर्स इन्क्यूवेट साफ्टटेक के माध्यम से कराया जा रहा है।

गत दिवस इन्क्यूवेट साफ्टटेक के चालक, परिचालकों द्वारा हड़ताल करते हुए बसों का संचालन बंद कर दिया था जिसके कारण शहर के यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड रहा था। यात्रियों की असुविधा के दृष्टिगत निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन एवं बी.सी.एल.एल की सी.ई.ओ. श्रीमती अंजू अरूण कुमार ने बस ऑपरेटर फर्म के प्रतिनिधियों चालक, परिचालकों व बी.सी.एल.एल के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आहूत कर यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत चालक, परिचालकों को समझाइश देकर हड़ताल समाप्त कराई और बसों का संचालन पुनः प्रारंभ कराया।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन एवं बी.सी.एल.एल की सी.ई.ओ. श्रीमती अंजू अरूण कुमार ने मंगलवार को



बी.सी.एल.एल द्वारा संचालित सी.एन.जी बसों के बस ऑपरेटर मेसर्स इन्क्यूवेट साफ्टटेक के प्रतिनिधियों, बी.सी.एल.एल. के अधिकारियों तथा सी.एन.जी बस के चालक, परिचालकों की संयुक्त बैठक आहूत कर चर्चा की और चालक, परिचालकों को यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत हड़ताल समाप्त करने की समझाइश दी साथ ही मेसर्स इन्क्यूवेट साफ्टटेक के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि चालक, परिचालकों की समस्याओं का भी शीघ्र निराकरण किया जाए जिस पर बस ऑपरेटर के प्रतिनिधियों ने अतिशीघ्र समस्याओं का निराकरण करने हेतु आश्वस्त किया। निगम आयुक्त एवं सी.ई.ओ. बी.सी.एल.एल की समझाइश पर सी.एन.जी बसों के चालक, परिचालकों ने बसों का संचालन प्रारंभ कर दिया है।

### केन्द्रिय सहकारिता राज्य मंत्री की उपस्थित में होगी उच्च स्तरीय बैठक

# सहकारिता में हुए नवाचारों और उपलब्धियों से अवगत होगी केन्द्र सरकार

- ■ मुख्यमंत्री डॉ. यादव भी होंगे शामिल
- ■ मंत्री सारंग ने ली तैयारियों की बैठक



भोपाल ■ अमृत दर्शन

सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने 20 जून को केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री की उपस्थित में होने वाली उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की तैयारियों संबंधी आवश्यक बैठक ली। प्रस्तावित बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अध्यक्षता करेंगे। बैठक में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सहकारिता विभाग में किये गये नवाचारों और उपलब्धियों को बताया जायेगा। बैठक में सहकारिता विभाग से जुड़े मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास, पशुपालन एवं डेयरी, लघु वनोपज संघ के अधिकारी भी शामिल होंगे।

मंत्री सारंग ने कहा कि बैठक में मध्यप्रदेश में विकास की ओर सहकारिता के कदम में किये गये सीपीपीपी मॉडल और बीज संघ द्वारा जारी चीता ब्रांड आदि की जानकारी दी जाये। मध्यप्रदेश में बहुउद्देशीय व्यवसायिक केन्द्र के रूप में पैक्स का रूपांतरण, अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष में किये गये और प्रस्तावित कार्यक्रमों से अवगत करवाया जाये। साथ ही सहकारिता विभाग में किये जा रहे हर आयामों जैसे विशेष कार्यक्रम, प्रशिक्षण, एडवांस स्टोरेज, माइक्रो एटीएम सहित 1 से 6 जुलाई को होने वाले कार्यक्रमों का भी समावेश किया जाये। मंत्री सारंग ने कहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए निर्धारित सहकार से समृद्धि'' के विज़न के अंतर्गत दी गई गाइड-लाइन्स के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के बारे में भी जानकारी दी जाये। मंत्री सारंग ने प्रदेश के पैक्स की वर्तमान स्थिति, पैक्स अंतर्गत की जा रही गतिविधियाँ, प्रदेश के सहकारी बैंकों की वर्तमान स्थिति एवं सुदृढ़ीकरण पर चर्चा, पैक्स सोसाइटी द्वारा खाद एवं बीज वितरण व्यवस्था, पैक्स कम्प्यूटराइजेशन, प्रत्येक पंचायत में पैक्स, प्राथमिक डेयरी एवं मत्स्य पालन सहकारी समितियों का गठन एवं संचालन, पैक्स के माध्यम से सीएससी सेवाएं, जन-औषधि केन्द्र का संचालन, भारतीय बीज सहकारी समिति, नई राष्ट्रीय सहकारी जैविक समिति, एफपीओ का गठन एवं भविष्य की कार्य-योजना की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

### निगम अमले ने 71 आवारा 'श्वानों को पकड़कर नसबंदी केन्द्रों में भेजा

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा आवारा श्वानों को पकड़कर नसबंदी व एंटीरैबीज टीकाकरण की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। कार्यवाही के इसी क्रम में निगम के डाग स्क्वाड के दलों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए 71 आवारा श्वानों को पकड़कर नसबंदी केन्द्रों में भेजा। निगम अमले ने नसबंदी उपरांत 61 श्वानों को वापस छोड़ा। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के डाग स्क्वाड के दलों ने मंगलवार को विभिन्न जोन क्षेत्रों में आवारा श्वानों को पकड़ने की कार्यवाही करते हुए 32 श्वानों को कजलीखेड़ा स्थित एबीसी सेंटर भेजा जबकि 15 श्वानों को आदमपुर तथा 24 श्वानों को अरवलिया एबीसी सेंटर भेजने की कार्यवाही की। इस प्रकार निगम के डॉग स्क्वाड ने कुल 71 श्वानों को नसबंदी केन्द्रों में भेजा तथा नसबंदी उपरांत 61 श्वानों को वापस छोड़ा गया। निगम के डाग स्क्वाड द्वारा आवारा श्वानों को पकड़ने की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# जो अधिकारी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं कर पा रहे उन्हे रिप्लेस करें : ऊर्जा मंत्री तोमर

### फोन नहीं उठाने पर 15 अधिकारियों की वेतन वृद्धि रोकी गयी

भोपाल ■ अमृत दर्शन

बिजली कंपनियों के जिन अधिकारियों द्वारा अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन ठीक ढंग से नहीं किया जा रहा है, उन्हें रिप्लेस करें। ऐसे अधिकारियों के स्थान पर उनके जूनियर सक्षम अधिकारियों को पदस्थ करें। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बिजली ट्रिपिंग और मेंटीनेंस कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये। बैठक में एमडी पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं का फोन नहीं उठाने पर 15 अधिकारियों की वेतन वृद्धि रोकी गयी है।

टूर प्रोग्राम की जानकारी भेजें

ऊर्जा मंत्री तोमर ने अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि क्षेत्र का सतत भ्रमण करें। उन्होंने कहा कि टूर प्रोग्राम की जानकारी एडवांस में भेजें। निरीक्षण के दौरान सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों, ट्रिपिंग और मेंटीनेंस की स्थिति प्रमुखता से देखें। जिन शिकायतों का निराकरण 3 से 4



घंटे में हुआ है, उनकी कारण सहित जानकारी दें। इस पर भी विचार करें कि क्या मेंटीनेंस का समय 4 घंटे से कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बिजली कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट की घटनाओं पर तुरंत संज्ञान लें।

**समय-सीमा में करें शिकायतों का निराकरण:** मंत्री तोमर ने जिलेवार लंबित शिकायतें एवं उनके निराकरण में लगने वाले समय की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करें। अगर कोई बड़ी घटना नहीं हुई है, तो निराकरण में न्यूनतम समय लगना चाहिये।

### बिजली कंपनी ने करंट से होने वाली दुर्घटनाओं से बचने किया आगाह

# व्यापारी व फेरीवाले हाईटेंशन लाइनों से दूर लगाएं हाथ ठेले व दुकानें

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आम जनता तथा हाथ ठेले पर सामान बेचने वालों को आगाह किया है कि वे अपने हाथ ठेले तथा फुटकर सामान की दुकानें हाईटेंशन लाइनों से दूर लगाएं। कंपनी ने कहा है कि जरा सी असावधानी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए आमजन भी करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहयोग करें एवं बिजली लाइनों तथा ट्रांसफार्मर से उचित दूरी बना कर ही अपना सामान बेचने के लिए रखें। कई जग?ह चाय की गुमठियां भी विद्युत लाइनों के समीप तथा ट्रांसफार्मरों से सटाकर चलाई जा रही है, जिनके कारण करंट लगने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील में कहा है कि विद्युत लाइनों/ट्रांसफार्मरों एवं उपकरणों के साथ छेड़छाड़ न करें तथा सुरक्षित दूरी बनायें रखें। यदि आँधी तूफान में खंबे/तार टूटे हों तो इसकी सूचना तत्काल शिकायत कॉल सेंटर के टोल फ्री नं. 1912 पर/उपाय ऐप एवं समीप के वितरण केन्द्र कार्यालय में दें। जमीन पर पड़े तारों को छूने या स्पर्श करने की गलती न करें साथ ही पार करने का प्रयास न करें। पान टपरों तथा ऐसी दुकानों जिनमें लोहे की चादर का इस्तेमाल होता है, में वायरिंग को सुरक्षित ढंग से पी.वी.सी. पाईप के द्वारा ही कराई जाए। किसी प्रकार की कटी-फटी लूज वायरिंग से जान-माल का खतरा हो सकता है। बारिश के दौरान विद्युत खम्बे/स्टे के पास पानी भराव वाले स्थान से निकलने की जल्दी न करें। सावधानी अवश्य बरतें क्योंकि बारिश के दौरान करंट लीकेज की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।

मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि बच्चों और मवेशियों का विशेष ध्यान रखें। अपने मवेशी को बिजली के खम्बे, स्टे वायर इत्यादि से न बांधें। कपड़े सुखाने के लिये जी.आई. तार अथवा रस्सी, सर्विस लाईन के पाईप या बिजली के खम्बों से कभी न बांधें।

### पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने की कवायद

# गांवों में रहने वालों को भी देना होगा टैक्स

भोपाल ■ अमृत दर्शन

नगरीय निकायों की तरह अब गांवों में रहने वाले लोगों को भी विभिन्न प्रकार के टैक्स देने पड़ेंगे। यह पंचायतों को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाने की कवायद का हिस्सा है। दरअसल, सरकार का फोकस इस बात पर हैं कि प्रदेश के गांवों को भी शहरों की तरह सर्वसुविधायुक्त बनाया जाए। गांवों में अच्छी सड़कें, अच्छे स्कूल, पीने के शुद्ध पानी, स्वच्छता आदि पर फोकस किया जा रहा है। इन सारी व्यवस्थाओं के लिए भोपाल जिले में नगर निगम की दर्ज पर 222 ग्राम पंचायतों में इस साल चार प्रमुख कर अधिरोपित किए गए हैं। जल्दी ही इसकी वसूली शुरू




होगी। अभी तक ऐसे कर नगरीय निकायों में थे। पंचायत में करों का जो स्लैब है वह है संपत्ति कर- 200 रुपये वार्षिक प्रति एक लाख रुपये मूल्य की संपत्ति पर। व्यावसायिक कर1400 रुपये वार्षिक, जल कर 60 से 100 रुपये प्रतिमाह और स्वच्छता कर 50 रुपये प्रतिमाह।

#### महिलाओं के हाथ में कर वसूली

भोपाल ने वर्ष 2022 में पहली बार प्रायोगिक तौर पर पंचायतों में कर प्रणाली शुरू की थी। मार्च 2023 तक जिले की पंचायतों में जल कर, स्वच्छता कर और संपत्ति कर वसूल भी किया। तब एक साल में कुल तीन करोड़ 17 लाख 53,673 रुपये की वसूली हुई थी। बाद में इसे बंद कर दिया गया। बताया गया कि त्रिस्तरीय पंचायत और विधानसभा चुनाव को लेकर जनप्रतिनिधियों के दबाव में इसे बंद करना पड़ा। चुनाव के बाद इसके बकाए हिस्से की वसूली फिर से की गई। अब नए सिरे से कर निर्धारण कर वसूली प्रक्रिया स्थायी तौर पर शुरू की जा रही है। इसमें पहली बार व्यावसायिक गतिविधियों पर कर लगाया गया है। अधिकारियों का कहना है कि पंचायतों के पास इसकर से अपनी निधियां तैयार होंगी। इसका उपयोग स्थानीय जरूरतों के अनुसार विकास कार्यों के संचालन मेंहो सकेगा।

गौरतलब है कि करीब 3 साल पहले पंचायत में संपत्ति जल और स्वच्छता कर लेने की शुरुआत की गई थी लेकिन विधानसभा चुनाव से पहले टैक्स कलेक्शन पर रोक लगा दी गई थी। उसे समय तक 222 पंचायत से करीब ढाई करोड़ रुपए कर के रूप में वसूल किए गए थे। एक बार फिर से यह वसूली जिले में शुरू करवा दी गई है। जिले में जब योजना शुरू की गई थी उसे समय 187 ग्राम पंचायती थी वर्तमान में यह बढ़कर 222 पहुंच गई है इनमें 614 गांव आते हैं। प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग दीपाली रस्तोगी का कहना है कि नियम तो हैं पर अभी स्वकराधान के मामले में पंचायतें पीछे हैं। सबको प्रेरित किया जा रहा है कि वे न केवल टैक्स लगाएं बल्कि लोगों को इसे चुकाने के लिए जागरूक भी करें ताकि इसका उपयोग विकास कार्यों में किया जा सके।

**विकास कार्य में खर्च होगी यह राशि:** विकास कार्यों के लिए खुद का फंड नहीं होने के कारण पंचायतें विकास कार्यों के लिए दूसरी निधियां के भरोसे रहती हैं।

## अनमोल वचन

दंड द्वारा प्रजा की रक्षा करनी चाहिए लेकिन बिना कारण किसी को दंड नहीं देना चाहिए।
**रामायण**

शाश्वत शांति की प्राप्ति के लिए शांति की इच्छा नहीं बल्कि आवश्यक है इच्छाओं की शांति।
**स्वामी ज्ञानानंद**

## सम्पादकीय

# प्लेन हादसा जानबूझ कर नहीं होता

*भारत के अहमदाबाद एयरपोर्ट से प्लेन के टेक ऑफ करने के तुरंत बाद मेघानीनगर इलाके में यह हादसा हुआ है। विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था, प्लेन में 12 क्रू मेंम्बर्स (दो पायलट समेत) और 230 यात्रियों सहित कुल 242 लोग सवार थे मौत का आकड़ा बढ़ कर 285 तक हो गई यह याद रखना ज़रूरी है कि अगर आप हवाई यात्रा कर रहे हैं तो विमान दुर्घटना की संभावना बेहद कम है। फिर भी, कई सालों बाद भी ऐसी घटनाएँ होती रहती हैं। ब्लैक बॉक्स को वापस लाने के बाद पता चला कि टेकऑफ़ के दौरान, एक निश्चित ऊँचाई पर पहुँचने के बाद विमान के सिस्टम फेल हो गए थे और पायलट ने इस समस्या के बारे में एयर ट्रैफ़िक कंट्रोल को सूचित किया था। दुर्घटनाओं पर शोध करने वाले जांचकर्ताओं को अभी तक इस घटना को किसी विशिष्ट कारण से जोड़ने वाले प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं मिले हैं। इस रहस्य को वैज्ञानिक रूप से समझाने के लिए, हम समझते हैं कि जब किसी विमान में कोई समस्या आती है, तो पायलट आमतौर पर एयर ट्रैफ़िक कंट्रोल से सहायता माँगता है। हालाँकि, यह दुर्घटना इतनी अचानक हुई कि प्रमुख देशों के विशेषज्ञ अब इसे सुलझाने के लिए काम कर रहे हैं। एक ही समाधान के बजाय, जाँच के कई रास्ते अपनाए जा रहे हैं। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि विमान में उड़ान भरने से दुर्घटनाओं का जोखिम बहुत कम होता है, लेकिन कई सालों बाद भी घटनाएँ हो सकती हैं। सभी वस्तुएँ गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव में चलती हैं, जबकि हवाई जहाज लगभग शून्य गुरुत्वाकर्षण वातावरण में काम करते हैं। एक विमान में टर्बाइन ब्लेड होते हैं जो हवा को काटते हैं और पंख जो दिशा और स्थिरता प्रदान करते हैं। टर्बाइन एक ऐसी मशीन है जो ऊर्जा के एक रूप को दूसरे में परिवर्तित करती है, जैसे गतिज ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में या भाप ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलना। टर्बाइन घूर्णी गति के माध्यम से यांत्रिक ऊर्जा उत्पन्न करते हैं। परिवहन दुर्घटना आग पर सबसे शुरुआती अमेरिकी अध्ययनों में से एक ने संकेत दिया कि 1946 में लगभग 15 प्रतिशत अमेरिकी वाणिज्यिक एयरलाइन दुर्घटनाओं में दुर्घटना के बाद आग लग गई थी। इस रिपोर्ट ने उड़ान के दौरान और दुर्घटना के बाद की आग से संबंधित ईंधन गुणों और प्रज्वलन स्रोतों की जांच की।1951 में एसएई (सोसाइटी ऑफ ऑटोमोटिव इंजीनियर्स, एक अमेरिकी संगठन है) की एक बैठक में नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (CAA) के इंजीनियर द्वारा प्रस्तुत एक रिपोर्ट में कहा गया था कि 1938 और 1951 के बीच, आग न लगने वाली दुर्घटनाओं के कारण 60.8 प्रतिशत यात्रियों की मृत्यु हुई, जबकि आग से जुड़ी दुर्घटनाओं में मृत्यु दर 84.6 प्रतिशत थी। इस पत्र में दुर्घटना जांच के निष्कर्षों के साथ-साथ ब्लैडर टैंक और सेल्फ-सीलिंग फिटिंग के परीक्षण पर चर्चा की गई थी। 1966 में किए गए सिविल एरोनॉटिक्स बोर्ड (CAB) के एक अध्ययन में 1955 से 1964 के बीच हुई 153 दुर्घटनाओं की जाँच की गई, जो या तो आग के कारण हुई थीं या आग के परिणामस्वरूप हुई थीं। इसमें शामिल 4,559 यात्रियों और चालक दल में से 1,955 गंभीर रूप से घायल हुए, कुल मिलाकर, इन घटनाओं में 1,161 लोग शामिल थे, जिनमें 488 (42%) ने अपनी जान गंवाई। मौतों में से 294 (60त्न) आग के कारण हुईं और अन्य 57 व्यक्ति गंभीर रूप से जल गए।79 दुर्घटनाएं जो घातक थीं या जिनमें आंशिक रूप से बचने की संभावना थी, उनमें 294 (15%) की मौत आग के कारण हुई। रिपोर्ट में कुछ दुर्घटनाओं का विस्तृत विवरण शामिल था जिसमें मृत्यु और जीवित बचे दोनों शामिल थे, जिससे विमान डिजाइन में आग की रोकथाम पर आगे के शोध की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया, क्योंकि प्रभाव के बाद संक्षिप्त निकासी अवधि के दौरान अग्निशमन संसाधन शायद ही उपलब्ध हों। 1975 में, स्टैनफोर्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा किए गए नासा अध्ययन ने 1963 से 1975 तक अमेरिकी वाणिज्यिक विमानों से जुड़ी दुर्घटनाओं की समीक्षा की ध्यान इस बात पर केंद्रित था कि किस हद तक बेहतर अग्नि प्रतिरोध और/या कम विषाक्तता वाली सामग्री चोटों, मौतों और आग से होने वाले नुकसान को कम कर सकती है। इस अवधि के दौरान, 545 गैर-अशांति दुर्घटनाएँ हुईं, जिनमें से 122 (22%) में एयरफ्रेम में आग लग गई थी। न दुर्घटनाओं को छोड़कर जिनमें एयरफ्रेम को कोई नुकसान नहीं हुआ था और वे दुर्घटनाएं जिनमें आग इंजन और/या पहिये के वेल तक ही सीमित थी, केवल 22% दुर्घटनाओं में आग शामिल थी; हालांकि, 75% घातक दुर्घटनाओं में आग शामिल थी। आग से संबंधित 122 दुर्घटनाओं में से कम से कम 21 में, प्रभाव क्षति अपेक्षाकृत कम थी, फिर भी आग से क्षति गंभीर थी। आग की लगभग आधी दुर्घटनाएं लैंडिंग के दौरान हुईं। कुल मिलाकर, लगभग 15त्न मौतें आग के कारण हुईं, यह आंकड़ा 1966 के एक अध्ययन में पाए गए आंकड़े में आग से जुड़ी 71 घातक दुर्घटनाओं में से 39 में प्रभाव के कारण जान बच नहीं सकी, 13 में कुछ मौतें सीधे आग के कारण हुईं, और 19 को प्रभाव के बाद जान बच पाने या न बच पाने की सूचना मिली। विडमेयर और ब्रेंडे द्वारा किए गए इस व्यापक अध्ययन में सार्वजनिक रूप से उपलब्ध आंकड़ों और कंपनी के अभिलेखों का विश्लेषण किया गया, तथा 1959 और 1979 के बीच घटित 583 घटनाओं के प्रारंभिक डेटाबेस से 153 संभावित रूप से जीवित रहने योग्य दुर्घटनाओं से विस्तृत जानकारी संकलित की गई।*

## चिंतन-मनन

# संत की उदारता

*विख्यात संत एकनाथ जी 12 वर्ष की अवस्था में ही अपने गुरु जनार्दन स्वामी के पास देवगढ़ पहुंच गए थे। गुरु ने उन्हें आश्रम के हिसाब-किताब का काम सौंप दिया। एक दिन जब एकनाथ जी ने हिसाब और रोकड़ का काम किया तो एक पाई की कमी नजर आई। खूब सोचने के बाद आखिरकार उन्हें आधी रात को एक पाई का हिसाब मिल गया तो उन्होंने उसी समय अपने गुरुजी को जाकर यह बात बताई। इस पर गुरु हंसे फिर बोले- बेटा! एक पाई की भूल मिलने से तुम इतने प्रसन्न हो और इस संसार के मायाजाल जैसी महाभूल को अपनाए हुए हो। इस पर कभी सोचा है? यह सुनते ही एकनाथ जी के भीतर वैराग्य जागा और दुनिया के कामकाज से उनका मोहभंग हो गया। उन्होंने उसी समय सब कुछ छोड़ देने का फैसला किया। वे अपने गुरु से दीक्षा लेकर पर्वत पर जाकर तपस्या करने लगे। तपस्या के बाद वे अपनी जन्मभूमि के निकट पिपलेश्वर महादेव में रहने लगे। पर थोड़े ही समय बाद वे विवाह कर गृह संन्यासी बन गए। एकनाथ जी ने गुरू के आदेश का पालन किया। विवाह के बाद उनके घर में नित्य कीर्तन होता और अन्न वितरण किया जाता। एक दिन कीर्तन में कुछ चोर आ गए। उन्होंने घर का सभी सामान समेट लिया। फिर उन्होंने देवमूर्ति के आभूषण चुराने का प्रयास किया। वहीं एकनाथ जी ध्यानमग्न बैठे थे। उन्होंने चोरों से कहा- तुम्हें इनकी बहुत अधिक आवश्यकता होगी अन्यथा इतनी रात गए भला कोई जोखिम क्यों उठाता? तुम सब मुसीबत के मारे लगते हो। चिंता मत करो। मुझसे जो मदद होगी, मैं करूंगा। यह कहते हुए उन्होंने अपनी उंगली की अंगूठी भी उतार कर उन्हें दे दी। यह देख चोर लज्जित हुए। वे एकनाथ जी के चरणों में गिर गए और उन्होंने कभी चोरी न करने का संकल्प लिया।*

# इजरायल-ईरान युद्ध में परमाणु हथियारों की चर्चा पर दुनियाँ सहमी

*तो कुछ देशों ने पर्दे के पीछे समर्थन देकर लड़ाई करने वाले देशों को बढ़ावा दे रहे हैं, मेरा मानना है इसे बंद कर शांति की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। हमारे पीएम साहब भी हमेशा यही अपील करते रहते हैं। परमाणु वेपंस का उपयोग हुआ तो मेरे विचार से पूरी दुनियाँ दहल जाएगी। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, इजरायल ईरान सैन्य टकराव खतरनाक मोड़ पर पहुंच?*

**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर वर्तमान समय में दो दो देशों में बहुत लंबे समय से चल रहे युद्ध के पीछे चल रही ताकतों को सब जानते हैं, क्योंकि कोई भी देश क़े लिए सिर्फ अपने अकेले के बल पर इतनी ताकत से लंबी लड़ाई लड़ना संभव नहीं है, हालांकि सब जानते हैं कि इन युद्धों के पीछे कौन सी ताकत है खड़ी है? मेरा मानना है कि इन ताकतों को अपने स्टेटस को छोड़कर, दो-दो कदम आगे पीछे होकर मामला उलझा कर युद्ध विराम को प्राथमिकता देना जरूरी है,वरना किसी भी देश ने परमाणु वेपंस के इस्तेमाल की शुरुआत की तो लपेटेमें पूरी दुनियाँ आ जाएगी, जिसका परिणाम हिरोशिमा नागासाकी से भी भयंकर आने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इसलिए मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र से इस आर्टिकल के माध्यम से पर्दे के पीछे सभी देशों, गुटों से अनुरोध करना चाहूंगा कि वह अंध समर्थन बंद कर सुलह का रास्ता निकालकर इजरायल- ईरान- हमास, रूस-यूक्रेन सहित अनेकों देशों में आपसी टकराव को सुलझाने के लिए आगे आए ताकि पूरी दुनियाँ एक जंग का अखाड़ा ना बन सके, क्योंकि कुछ देश खुलकर समर्थन में आ रहे हैं तो कुछ देशों ने पर्दे के पीछे समर्थन देकर लड़ाई करने वाले देशों को बढ़ावा दे रहे हैं, मेरा मानना है इसे बंद कर शांति की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। हमारे पीएम साहब भी हमेशा यही अपील करते रहते हैं। परमाणु वेपंस का उपयोग हुआ तो मेरे विचार से पूरी दुनियाँ दहल जाएगी। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, इजरायल ईरान सैन्य टकराव खतरनाक मोड़ पर पहुंच?दुनियाँ दो गुटों में बंटने की ओर बढ़ी, तीसरे विश्व युद्ध की आहट?

साथियों बात अगर हम इजरायल ईरान युद्ध की करें तो दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच चुकाहै,इजरायल और ईरान के बीच 13-14 जून 2025 को शुरू हुआ सैन्य टकराव अब खतरनाक मोड़ पर पहुंच चुका है, इजरायल की ओर से तेहरान में परमाणु सुविधाओं और सैन्य ठिकानों पर किए गए हवाई हमलों ने ईरान को भारी नुकसान पहुंचाया,जबकि ईरान ने जवाबी कार्रवाई में इजरायल के तेल अवीव, हाइफा और बेन गुरियन एयरपोर्ट पर बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन हमले किए। इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष हर बीतते घंटे के



साथ और बढ़ता जा रहा है,सोमवार देर शाम को इजरायल ने एक बार फिर मध्य ईरान पर हवाई हमले किए, इधर ईरान ने भी इजरायल पर अब तक लगभग 400 बैलेस्टिक मिसाइलें दागने का दावा किया है, वहीं एक न्यूज से इजरायल के पीएम ने कहा है कि खामेनेई के खात्मे के साथ ही क्षेत्र में शांति आएगी। इजराइल और ईरान के बीच लगातार चौथे दिन संघर्ष जारी है। इजराइल ने सोमवार शाम सेंट्रल ईरान पर फिर से एयरस्ट्राइक की। इजराइल एयरफोर्स ने ईरानी की राजधानी तेहरान में नेशनल टीवी न्यूज चैनल इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग की बिल्डिंग पर बम गिराए। घटना के समय टीवी एंकर लाइव शो होस्ट कर रही थी। वह बम धमाके में बाल-बाल बच गई। घटना का वीडियो भी सामने आया, जिसमें एंकर को स्टूडियो से भागते हुए देखा गया।

साथियों बात अगर हम इजरायल -ईरान के भयावह होते युद्ध को हम 10 प्वाइंटों में समझने की करें तो (1) इजरायल और ईरान के बीच तनाव चरम पर है और दोनों देशों के बीच युद्ध जारी है,इजरायल ने ईरान पर बड़ा हमला किया, जिसमें ईरान के परमाणु ठिकानों और सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया. ईरान ने इजरायल के हमले का जवाब देने के लिए ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस लॉन्च किया है, इसके तहत ईरान ने इजरायल पर 100 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, इजरायल की सेना ने अपने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे सुरक्षित स्थानों पर शरण लें, (2) वहीं, रविवार को एक बार फिर इजरायल के आसमान में ईरानी मिसाइलों की बौछार हुई, जबकि दोनों देशों के बीच संघर्ष जारी है, इजरायल की सेना ने कहा कि ईरान की मिसाइलें आ रही हैं, यरुशलम में सायरन की आवाजें सुनाई दे रही हैं, जबकि कई वीडियो में तेल अवीव और यरुशलम के आसमान पर मिसाइलें दिखाई दे रही हैं और उनमें से कई को इजरायल की वायु रक्षा प्रणाली द्वारा रोक दिया गया है,(3) ईरान ने शिराज शहर से इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइलों की बारिश कर दी है, जिससे उत्तर में हाइफ़ा से लेकर दक्षिण में ईलाट तक लगभग पूरे इज़राजल में रेड अलर्ट जारी किया गया. तेल अवीव, यरुशलम, बेयर शेवा, हाइफ़ा और दर्जनों अन्य शहरों में हवाई हमले के सायरन की आवाज सुनी गईं, (4) सेना ने कहा है कि ईरानी मिसाइलों की बौछार से इजरायल में कई जगहों पर हमला हुआ है. आरटी इंटरनेशनल की एक पोस्ट के अनुसार, ईरान के हमलों के बाद हाइफा शहर में भीषण आग देखी गई,इसने अनाम इजरायली अधिकारियों के हवाले से बताया कि अब तक इस हमले में चार लोग घायल हुए हैं, (5) ईरान में भी नज़ारा कुछ अलग नहीं है. तेहरान से आई तस्वीरों में रात के समय आसमान में ईंधन डिपो में लगी आग की लपटें दिखाई दे रही हैं। यह आग इजरायल द्वारा ईरान के तेल और गैस क्षेत्र पर हमले शुरू करने के बाद लगी है, इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था और ईरानी राज्य के कामकाज पर खतरा बढ़ गया है। (6) ईरान ने शनिवार की देर रात तेल अवीव द्वारा ईरानी परमाणु संयंत्रों, मिसाइल कारखानों और सैन्य कमांड केंद्रों पर किए गए हमले के जवाब में इजरायल के हाइफा पोर्ट और पास की एक तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया, हवाई हमलों में शीर्ष सैन्य कमांडर और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए। (7) हाइफा शहर के स्काईलाइन पर मिसाइलें नजर आईं, जिससे वहां के लोग दहशत में थे, ईरान लगातार बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन से हमला करता रहा और इजरायल का एयर डिफेंस सिस्टम आयरन डोम इन मिसाइलों को हवा में ही इंटरसेप्ट करने में जुट गया,(8) पोर्ट पर रासायनिक टर्मिनल में छर्रे गिरे और कुछ अन्य मिसाइल तेल रिफाइनरी पर गिरे, लेकिन पोर्ट की सुविधाओं को कोई नुकसान नहीं हुआ, बताया जाता है कि रिफाइनरी पोर्ट से कुछ दूरी पर है, हाइफा पोर्ट उत्तरी इजरायल में स्थित एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय पोर्ट है, जो दक्षिण की तुलना में अपेक्षाकृत कम अस्थिर क्षेत्र है. यह देश के आयात और निर्यात दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण पोर्ट है, (9) ईरान द्वारा लगातार दूसरी रात इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइल दागे जाने के बाद तनाव में वृद्धि हुई है. ईरानी सरकारी मीडिया ने दावा किया है कि हाइफा तेल रिफाइनरी पर सीधा हमला हुआ है।

# आतंकवाद पर नियंत्रण: एक जटिल कवायद

*'इस्लामिक आतंकवाद' शब्द अमरीकी मीडिया ने गढ़ा था और बाद में दुनिया भर में इसका इस्तेमाल इस्लाम को आतंकवाद से जोड़ने के लिए किया जाने लगा. वैसे आतंकी घटनाओं को तो परिभाषित किया गया है, लेकिन आतंकवाद को परिभाषित करना आसान नहीं है और इस प्रवृत्ति से संबंधित क्रियाकलापों से जुड़ी संयुक्त राष्ट्रसंघ की संस्थाएं भी अब तक इसे परिभाषित नहीं कर सकी हैं. जहां तक भारत का सवाल है, यहां ब्रेनवाश किए गए मुस्लिम युवकों द्वारा हत्यायों का विक्षिप्तापूर्ण कार्य लंबे समय से चल रहा है.*

**राम पुनियानी**

पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की श्रृंखलाबद्ध प्रतिक्रिया हुई और पाकिस्तान में आंतकी अड्डों को निशाना बनाया गया. अब, संघर्षविराम लागू हो चुका है, इसलिए यह इस बात पर विचार करने के लिए उचित समय है कि समाज में व्याप्त इस कैंसर जैसी प्रवृत्ति का मुकाबला कैसे किया जाए. 9/11/2011 को टिव्न टावर्स पर हुए आतंकी हमले में 2000 से अधिक लोगों की मौत के बाद से यह मुद्दा अधिक चर्चा में है. 'इस्लामिक आतंकवाद' शब्द अमरीकी मीडिया ने गढ़ा था और बाद में दुनिया भर में इसका इस्तेमाल इस्लाम को आतंकवाद से जोड़ने के लिए किया जाने लगा. वैसे आतंकी घटनाओं को तो परिभाषित किया गया है, लेकिन आतंकवाद को परिभाषित करना आसान नहीं है और इस प्रवृत्ति से संबंधित क्रियाकलापों से जुड़ी संयुक्त राष्ट्रसंघ की संस्थाएं भी अब तक इसे परिभाषित नहीं कर सकी हैं. जहां तक भारत का सवाल है, यहां ब्रेनवाश किए गए मुस्लिम युवकों द्वारा हत्यायों का विक्षिप्तापूर्ण कार्य लंबे समय से चल रहा है. भारत में 26/11/2008 को मुंबई पर हमला हुआ जिसमें करीब 200 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी. इसका सबसे दिलचस्प पहलू यह था कि महाराष्ट्र एटीएस के प्रमुख हेमंत करकरे भी इस हमले में मारे गए थे.



इसके समानांतर हमने पहले नांदेड़ (2006) और उसके बाद चार आतंकी हमले देखे – मालेगांव, अजमेर, मक्का मस्जिद और समझौता एक्सप्रेस. मालेगांव के मामले में एनआईए ने पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को मौत की सजा दिए जाने की मांग की है, जिनकी मोटरसाईकिल का इस हमले के लिए इस्तेमाल किया गया था. इसके अलाव ले. कर्नल पुरोहित पर भी मुकदमा चल रहा है और इसमें स्वामी असीमानंद, मेजर (सेवानिवृत्त) उपाध्याय और हिन्दुत्व राजनीति से जुड़े कई अन्य लोगों का नाम भी सामने आया. भारत इन आतंकी घटनाओं का सामना कर रहा है और यह जरूरी है कि हम वैश्विक आतंकवाद की जड़ों और उसके भारत पर पड़े प्रभाव पर गहन चिंतन करें. आतंकी हमलों से निपटने के लिए की गई सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाए जा रहे हैं. पहले पुलवामा और अब पहलगाम के आतंकी हमलों ने हमारी कमियों को उजागर किया है, और कुछ ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जिनके संबंध में वैश्विक संस्थाओं से तालमेल करके इनमें से कई कमियों को दूर किया जा सकता है.

एक बात तो यह है भारत में आतंकी हमले करने वाले संगठन पाकिस्तान केन्द्रित हैं. पाकिस्तान की दयनीय दशा है, क्योंकि वह न केवल आतंकी हमलों का केन्द्र है बल्कि स्वयं भी इस नीचतापूर्ण प्रवृत्ति का शिकार है. वर्तमान में कश्मीर आतंकी हमलों के निशाने पर है. कश्मीर में इस समय जारी इस त्रासदी की प्रमुख कर्ताधर्ता उन आतंकी समूहों की शाखाएं हैं जो अफगानिस्तान पर सोवियत संघ द्वारा कब्जा किए जाने के बाद इसकी खिलाफत के लिए अमरीका द्वारा खड़ी की गई थीं.

चूंकि अमेरिका अफगानिस्तान पर काबिज सोवियत सेना का सीधा सामना करने की स्थिति में नहीं था, इसलिए उसने पाकिस्तान में मदरसों की मदद की, उन्हें बढ़ावा दिया, जिनमें मुस्लिम युवकों को प्रशिक्षण दिया जाने लगा. इसके नतीजे में तालिबान और उसके जैसे संगठन अस्तित्व में आए. महमूद ममदानी गहन शोध पर आधारित अपनी पुस्तक 'गुड मुस्लिम बेड मुस्लिम' में बताते हैं कि इन मदरसों का पाठ्यक्रम किस प्रकार अमरीका में तैयार किया गया था जिसमें कम्युनिस्टों को काफिर बताया गया था. काफिरों का कत्ल करना एक लक्ष्य और एक उपलब्धि बताया गया था, और ऐसा करने में यदि जान से हाथ धोना पड़े, तब भी यह चिंताजनक नहीं माना गया था क्योंकि इसके बाद जन्नत मिलना निश्चित था. अमेरिका ने इन मदरसों पर 8 अरब डालर खर्च किए और आतंकियों को 7000 टन हथियार और गोला-बारूद मुहैया कराए, जिनमें आधुनिकतम स्ट्रिंगर मिसाइल भी शामिल थीं.

इस आतंकी प्रवृत्ति को बढ़ावा देकर अमरीका पश्चिम एशिया के तेल के कुओं पर नियंत्रण करना चाहता था, जिसके कारण भयावह हालात उत्पन्न हुए और इस इलाके में तबाही आई. स्मरणीय है कि इसी दौर में हटिंगटन के 'सभ्यताओं के टकराव' के सिद्धांत ने जोर पकड़ा. यह तो दुनिया की खुशकिस्मती थी कि तत्कालीन संयुक्त राष्ट्र महासचिव कोफी अन्नान ने एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया जिसे 'सभ्यताओं के टकराव' के विचार के अध्ययन का कार्य विशेष तौर पर सौंपा गया.

समिति ने 'सभ्यताओं के गठबंधन' के विचार पर केन्द्रित रपट पेश की जिसका यह निष्कर्ष था कि सभ्यताओं के गठबंधन से दुनिया में तरक्की हुई है. विभिन्न पक्षों ने इस रपट को पर्याप्त महत्व नहीं दिया. आतंकी घटनाओं से उत्पन्न हुआ इस्लामोफोबिया और अमरीकी मीडिया की नकारात्मक भूमिका का इतना प्रबल प्रभाव हुआ कि कई जगहों पर कुरान की प्रतियां जलाई गईं.

## प्रसिद्धि से दूर रहने की वृत्ति बाला साहब देवरस

***हेमेन्द्र क्षीरसागर***

*बाला साहब देवरस का बाला साहब नाम उन्हें उनके परिवार और करीबी लोगों द्वारा प्यार से दिया गया एक उपनाम था, जो उनके वास्तविक नाम मधुकर दत्तात्रेय देवरस के साथ जुड़ या। बाला साहब एक लोकप्रिय मराठी शब्द है जिसका उपयोग छोटे लड़कों या प्रियजनों के लिए किया जाता है। यह उनके मिलनसार और स्नेही स्वभाव को दर्शाता है। 11 दिसम्बर 1915 को नागपुर में जन्मे बाला साहब देवरस पार्वती बाई- कृष्णराव देवरस की आठवीं संतान थे। 1925 में बालसाहेब ने शाखा जाना प्रारम्भ कर दिया। स्थायी रूप से उनका परिवार मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के आमगांव के निकटवर्ती ग्राम कारंजा का था। अभीष्ट, बाला साहब की स्मृतियां, सेवा और आयाम से प्रतिबद्ध पावन भूमि में बाल-भाऊ देवरस न्यास संचालित है। न्यास आर्थिक विकास, खेती प्रचार व प्रशिक्षण, महिला बचत गट प्रशिक्षण केंद्र, फलोद्यान प्रशिक्षण कार्यक्रम, दुग्ध व्यवसाय प्रशिक्षण कार्यक्रम, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में अरोग्य चिकित्सा शिविरों का आयोजन जनकल्याण के निहितार्थ करता है। दौरान, उनकी सम्पूर्ण शिक्षा नागपुर में ही हुई। न्यू इंगलिश स्कूल मे उनकी प्रारम्भिक शिक्षा हुई। संस्कृत और दर्शनशास्त्र विषय लेकर मौरिस कालेज से बालसाहेब ने 1935 में बीए किया। दो वर्ष बाद उन्होंने विधि की परीक्षा उत्तीर्ण की। विधि स्नातक बनने के बाद बालसाहेब ने दो वर्ष तक अनाथ विद्यार्थी बस्ती गृह मे अध्यापन कार्य किया। इसके बाद उन्हें नागपुर मे नगर कार्यवाह का दायित्व सौंपा गया। 1965 में उन्हें सरकार्यवाह का दायित्व सौंपा गया जो 6 जून 1973 तक उनके पास रहा। श्री गुरूजी के स्वर्गवास के बाद 6 जून 1973 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तृतीय सर संघचालक के दायित्व को ग्रहण किया। उनके कार्यकाल में संघ कार्य को नई दिशा मिली। उन्होंने सेवाकार्य पर बल दिया परिणाम स्वरूप उत्तर पूर्वांचल सहित देश के वनवासी क्षेत्रों के हजारों की संख्या में सेवाकार्य आरम्भ हुए। बालासाहब देवरस ने अपना जीवन समाज एवं देशसेवा को समर्पित कर दिया था। शिक्षा क्षेत्र में सबसे अग्रणी सरस्वती शिशु मंदिर योजना भाऊराव देवरस की ही देन है। समर्पित, डाक्टर जी का स्वास्थ्य अधिक खराब होने के चलते बालासाहब को 1940 में कलकत्ता से वापस बुला लिया गया । देशभर के विभिन्न स्थानों पर प्रचारक भेजने की जिम्मेदारी नागपुर शाखा की ही सर्वाधिक रहती थी। स्वयंसेवक को उस हेतु गढ़ना, किसे कहाँ भेजना यह जिम्मेदारी बाला साहब उत्तम रीति से संभालते थे। डाक्टर जी के निर्देश पर 1937 से 1940 के बीच गुरूजी संघ कार्य में पूरी तरह डूब गए थे। शाखा पर होने वाले गणगीत, प्रश्नोत्तर आदि की उन्होंने ही शुरुआत की। संघ के कार्यक्रमों में मां भारती, डां हेडगेवार तथा श्री गुरुजी के चित्र लगते हैं। बालासाहब के सर संघचालक बनने पर कुछ लोग उनका चित्र भी लगाने लगे; पर उन्होंने इसे रोक दिया। यह उनकी प्रसिद्धि से दूर रहने की वृत्ति का ज्वलन्त उदाहरण है। साहसं, 1975 में संघ पर लगे प्रतिबन्ध का सामना उन्होंने धैर्य से किया। वे आपातकाल के पूरे समय पुणे की जेल में रहे; पर सत्याग्रह और फिर चुनाव के माध्यम से देश को इन्दिरा गांधी की तानाशाही से मुक्त कराने की इस चुनौती में संघ सफल हुआ। मधुमेह रोग के बावजूद 1994 तक उन्होंने यह दायित्व निभाया। इस दौरान उन्होंने संघ कार्य में अनेक नये आयाम जोड़े। इनमें सबसे महत्वपूर्ण निर्धन बस्तियों में चलने वाले सेवा के कार्य हैं। इससे वहाँ चल रही धर्मान्तरण की प्रक्रिया पर रोक लगी। स्वयंसेवकों द्वारा प्रान्तीय स्तर पर अनेक संगठनों की स्थापना की गई। बालासाहब ने वरिष्ठ प्रचारक देकर उन सबको अखिल भारतीय रूप दे दिया। स्वास्थ्य के कारण उन्होंने 1994 में सर संघचालक का दायित्व त्याग दिया था।*

# खास बात

### न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ नहीं चलेगा महाभियोग

इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के खिलाफ संसद में महाभियोग पेश नहीं हो पाएगा। नियमों को लेकर जो सवाल कपिल सिब्बल ने उठाए हैं। उसके अनुसार सुप्रीम कोर्ट को इन हाउस कमेटी बनाकर जांच करके जस्टिस वर्मा को हटाना होगा। राज्यसभा के उपसभापति जगदीप धनखड़ ने जांच पर आपत्ति जताई है। संसद में महाभियोग पेश करके दोनों सदनों के दो तिहाई सदस्यों के बहुमत पर ही न्यायमूर्ति वर्मा को हटाया जा सकता है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जज इंक्वारी एक्ट के तहत न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने की बात कह रहे हैं। यदि ऐसा नहीं हुआ तो संसद में महाभियोग पर कांग्रेस और सपा का मत अलग रहेगा वह अपना समर्थन नहीं देंगे दो तिहाई बहुमत यदि नहीं हुआ तो न्यायमूर्ति वर्मा को नही हटाया जा सकेगा। न्यायमूर्ति वर्मा यह जानते हैं इसलिए उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया। सब कुछ सामने होते हुए भी जस्टिस वर्मा जज बने रहेंगे। यही सत्य है।

### नोटों की बारामदी नहीं, जांच में क्या साबित होगा

दिल्ली के पूर्व हाईकोर्ट जज यशवंत वर्मा की निवास पर नोट जलने की घटना हुई थी। इसके बाद उनका ट्रांसफर इलाहाबाद हाईकोर्ट कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने उन्हें इस्तीफा देने कहा था। जस्टिस वर्मा ने इस्तीफा नहीं दिया। इसके बाद महाभियोग लाने अथवा जांच के द्वारा हटाने की बात कही जा रही है। बर्मा के यहां से नातो जले हुए नोट पुलिस ने जप्त किये हैं। नाही उनके निवास स्थान से नोट जप्त हुए हैं। किसी भी जांच एजेंसी में उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं है। ऐसी स्थिति में इन हाउस जांच हो, या महाभियोग चले।

### राजनीतिक दलों को आरोपी बनाएगी ईड़ी

ईड़ी ने छत्तीसगढ़ के सुकमा कांग्रेस कार्यालय को अटैच कर लिया है। शराब घोटाले के मामले में पूर्व मंत्री लखमा को ईड़ी ने आरोपी बनाया है। उन्होंने कांग्रेस कार्यालय के लिए 65 लाख दिए थे। इस आधार पर कांग्रेस कार्यालय को ईड़ी ने सीज कर लिया है। शराब घोटाले के मामले में पहले भी आम आदमी पार्टी को लेकर इसी तरीके की बात कही जा रही थी। शराब घोटाले का पैसा पंजाब और गोवा के चुनाव में खर्च हुआ है। उस समय ऐसी कोई कार्रवाई नहीं हुई। नेशनल हेराल्ड का मामला अभी चल रहा है। चुनाव के समय कांग्रेस पार्टी का खाता आयकर विभाग द्वारा सीज कर दिया गया था। बाद में न्यायालय के आदेश पर अटैचमेंट खत्म हुआ था। अब यह माना जा रहा है।

### बिहार का विधानसभा चुनाव, पिछड़ी और अतिपिछड़ी पर लड़ा जाएगा?

बिहार विधानसभा का चुनाव इस वर्ष के अंत में होना है। विधानसभा चुनाव के लिए रणभेरी बज गई है। इस बार का विधानसभा चुनाव पिछडी और अति पिछडी जातियों के सहारे लड़ा जाएगा। बिहार में पिछली जातियों की आबादी लगभग 36 फ़ीसदी है। ऐसी स्थिति में चुनाव के पहले पिछड़ी जातियों को उपजातियों में बाँटकर अथवा सभी पिछड़ी जातियों को एकजुट करके चुनाव लड़ने की रणनीति राजनीतिक दलों द्वारा तैयार की जा रही है। जिसके कारण बिहार विधानसभा के चुनाव इस बार काफी रोचक होंगे। चुनाव की भैंस किस करवट बैठेगी, इसको लेकर अभी से तरह-तरह के कयास लगाये जा रहे हैं। बिहार के आने वाले चुनाव में पिछड़ों का ही बोलबाला रहने वाला है। चाहे राजनीतिक दल कोई भी हो।

# राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, आषाढ़ कृष्ण पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु अस्त, पश्चिमे गुरु उदय पूर्वे तिथी, सप्तमी, बुधवासरे, पू.भाद्र पद नक्षत्रे, प्रीत/आद्र योगे, वव करणे, कुंभ की चंद्रमा, शनि खंड, वृष्टि योग, त्रिपुस्कर योग, व्यापार उग्रकर्म मुर्हूत, तथापि पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम होगी।

आज जन्म लिए बालक का फल: आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, तथा सोने चांदी का व्यापारी, उद्योगपति, चूने का व्यापारी, तथा हीरा, जरकिन, डायमंड एवं मोती का व्यापारी होगा।

**मेष**- इष्ट मित्रों से लाभ, स्त्री वर्ग से भोग ऐश्चर्य की प्राप्ति होगी, रुके कार्य एक एक करके बनेंगे।

**वृष**- अपने प्रत्येक कार्य में बाधा, लाभकारी कार्य, हाथ से निकल जाये, संभलकर चले।

**मिथुन**- धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष, कार्यगति में सुधार, कार्य अनुकूल बन जायेंगे।

**कर्क**- योजनाएं फलीभूत होगी, दैनिक सफलता के साधन जुटाए, प्रलोभन से आप बचेंगे।

**सिंह**-प्रतिष्ठा बाल बाल बचे, अनेक समस्याएं असमंजस में रहे, तथा कार्य की बैचेनी बढ़ेगी।

**कन्या**- स्त्री वर्ग से तनाव के बाद, शांति तथा भाग्य का सितारा साथ देगा, मानसिक प्रसन्नता होगी।

**तुला**- भाग्य का सितारा साथ देगा, समय अनुकूल है कार्य कुशलता से संतोष अवश्य होगा।

**वृश्चिक**- आर्थिक योजना सफल होगी, समय पर सोचे कार्य बनेंगे, कार्य योजना पर विचार होगा।

**धनु**- अर्थलाभ कार्यकुशलता से बाधा स्वास्थ्य नरम रहे, पराक्रम, उत्साह वर्धक होगा।

**मकर**-उदविघ्नता बनी ही रहेगी, किसी उत्तम समाचार से हर्ष होगा तथा प्रसन्नता बनी ही रहेगी।

**कुम्भ**- विरोधियों से परेशानी, चिन्ता व्यग्रता बनी रहे, विपरीत परिस्थितियां का सामना करना होगा।

**मीन**- आय व्यय सामान्य, शारीरिक कष्ट कार्य क्षमता में भेद होगा, कार्य में रुकावट बनेगी।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**18 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | मिथुन | 05.02 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | कर्क | 07.20 बजे से |
| मंगल | सिंह में | सिंह | 09.36 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 11.48 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 13.59 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 16.13 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.29 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 20.34 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.21 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 23.54 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | मेष | 01.24 बजे से |
| बजे तक | | वृष | 03.04 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 169 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** सप्तमी 13.35 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 00.23 बजे रात्र को समाप्त। **योग** प्रीति 07.40 बजे को समाप्त। **करण** बव 13.35 बजे तदनन्तर बालव 00.49 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 21.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 24'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872379
**जूलियन दिन** 2460844.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 21
**विशेष** कालाष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



•••●●•••

**मुल्तानी मिट्टी के मास्क को बहुत देर तक स्किन पर लगाकर छोड़ने की गलती नहीं करनी चाहिए। दरअसल, जब मिट्टी पूरी तरह सूख जाती है, तो वो त्वचा की सारी नमी खींच लेती है। ध्यान रखें कि जैसे ही मिट्टी हल्की सूखी दिखे, तो उसे धो लो। मास्क के लिए 10-15 मिनट काफी होते हैं।**

•••●●•••

# चेहरे पर मुल्तानी मिट्टी लगाते समय ना करें ये छोटी-छोटी गलतियां

अपनी स्किन की केयर करने के लिए हम सभी कई तरह के इंग्रीडिएंट्स का इस्तेमाल करते हैं। इन्हीं में से एक है मुल्तानी मिट्टी। खासतौर से, ऑयली स्किन के लिए मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। इससे ना केवल चेहरे को ताजगी मिलती है, बल्कि एक चमक भी आती है। अक्सर अपनी स्किन को ठंडक देने और उसे पैम्पर करने के लिए हम मुल्तानी मिट्टी को अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल करते हैं।

इस बात में कोई दोराय नहीं है कि मुल्तानी मिट्टी आपकी स्किन के लिए बहुत अधिक फायदेमंद है। लेकिन इसे सही तरह से इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है। अगर आप इसे गलत तरीके से अपनी स्किन पर अप्लाई करती हैं, तो ये चेहरे को निखारने के बजाय और ज़्यादा रूखा-सूखा और बेजान बना सकती है। जी हां, मुल्तानी मिट्टी भले ही नेचुरल हो, लेकिन इसे लगाने का भी एक सही तरीका होता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको मुल्तानी मिट्टी को चेहरे पर लगाते समय की जाने वाली कुछ छोटी-छोटी गलतियों के बारे में बता रहे हैं, जिनसे आपको वास्तव में बचना चाहिए-

### मास्क को बहुत देर तक लगाए रखना

मुल्तानी मिट्टी के मास्क को बहुत देर तक स्किन पर लगाकर छोड़ने की गलती नहीं करनी चाहिए। दरअसल, जब मिट्टी पूरी तरह सूख जाती है, तो वो त्वचा की सारी नमी खींच लेती है। ध्यान रखें कि जैसे ही मिट्टी हल्की सूखी दिखे, तो उसे धो लो। मास्क के लिए 10-15 मिनट काफी होते हैं।

### बिना टेस्ट किए लगाना

हर किसी की त्वचा अलग होती है। किसी को एलर्जी भी हो सकती है। इसलिए पहली बार में ही मुल्तानी मिट्टी को पूरे चेहरे पर लगाने से बचना चाहिए। हमेशा पहले थोड़ा सा पेस्ट हाथ या कान के पीछे लगाकर देखो। अगर आपको किसी तरह की जलन या रेडनेस का अहसास हो रहा है तो इसे अवॉयड करें।

### हर दिन मुल्तानी मिट्टी लगाना

यह सच है कि मुल्तानी मिट्टी स्किन को फायदा पहुंचाती है, लेकिन इसे हर दिन लगोन से बचना चाहिए। मुल्तानी मिट्टी रोज़ाना लगाने वाली चीज़ नहीं है, खासकर अगर त्वचा ड्राय या सेंसिटिव हो। इससे आपकी स्किन को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए, मास्क को हफ्ते में 1 या 2 बार ही लगाएं।

### सिर्फ मुल्तानी मिट्टी ही लगाना

भले ही आप मुल्तानी मिट्टी का मास्क बना रही हैं, लेकिन उसमें सिर्फ पानी मिक्स करके नहीं लगाना चाहिए। यह आपकी स्किन पर थोड़ा हार्श हो सकता है। हमेशा अपने स्किन टाइप के हिसाब से कुछ इंग्रीडिएंट्स मिक्स करों। मसलन, अगर आपकी स्किन ड्राई है तो आप शहद, दूध या एलोवेरा मिक्स करें। ऑयली स्किन के लिए मुल्तानी मिट्टी के साथ गुलाब जल, नींबू का रस, चंदन पाउडर का इस्तेमाल करना अच्छा माना जाता है। अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो ऐसे में खीरे का रस या दही इस्तेमाल करें।

# दुल्हन के पैरों के लिए परफेक्ट हैं ये 5 मेहंदी डिजाइंस, हर कोई कह उठेगा वाह





**पैरों की मेहंदी पर भी उतनी ही मेहनत करनी पड़ती है, जितनी की हाथों की मेहंदी पर होती है। लेकिन जब पैरों की मेहंदी लगाने की बारी आती है, तो यह समझ नहीं आता है कि ऐसी कौन सी मेहंदी डिजाइन लगाई जाए, जिससे कम समय में पैरों को खूबसूरत डिजाइन से भरा जा सके।**

हाथों के अलावा दुल्हन के पैरों की मेहंदी डिजाइन पर भी लोगों की निगाहें टिकी रहती हैं। पैरों की मेहंदी पर भी उतनी ही मेहनत करनी पड़ती है, जितनी की हाथों की मेहंदी पर होती है। लेकिन जब पैरों की मेहंदी लगाने की बारी आती है, तो यह समझ नहीं आता है कि ऐसी कौन सी मेहंदी डिजाइन लगाई जाए, जिससे कम समय में पैरों को खूबसूरत डिजाइन से भरा जा सके। ऐसे में हम आपको लिए पैरों में लगाई जाने वाली मेहंदी की कुछ बेहद खूबसूरत डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में अगर आपकी भी जल्द ही शादी होने वाली है, तो आप भी इन मेहंदी डिजाइन्स को पैरों पर लगवा सकती हैं।

### मोर वाली मेहंदी डिजाइन

आप हाथों के साथ पैरों पर भी मोर डिजाइंस बना सकती हैं। अगर आपके पैर लंबे हैं, तो आप बड़े-बड़े मोर की डिजाइन बनानी चाहिए। वहीं अगर आपके पैर छोटे हैं, तो आप पतले और पंख फैलाए मोर की आकृति भी बना सकती हैं। मोर के अलावा आप पैरों में बगीचे का भी डिजाइन बना सकती हैं। इस डिजाइन में आप पेड़-पौधे, फूल, झरोखे और फाउंटेन आदि बना सकती हैं। इससे मेहंदी भी भरी नजर आएगी।

### जाल मेहंदी डिजाइन

जाल मेहंदी डिजाइन लगाने में आसान होने के साथ काफी खूबसूरत भी लगती है। कम समय में इस डिजाइन से आपके पैर इतने भर जाएंगे कि आपको दूसरी डिजाइन के बारे में सोचना भी नहीं पड़ेगा। जाल मेहंदी डिजाइन में आपको बहुत सारे पैटर्न मिल जाएंगे। आप बॉर्डर, फूलों, ब्लॉक्स और बेल आदि की डिजाइन बना सकती हैं। वहीं जाल को भरने के लिए अलग तरह की डिजाइस के एलिमेंट्स का भी प्रयोग कर सकती हैं। अगर आपने पंजे को जाल वाली डिजाइन से भर दिया है, तो आप ऊपर की ओर मेहराब, चक्र और बॉर्डर डिजाइंस लगा सकती हैं।

### झूमर मेहंदी डिजाइन

झूमर मेहंदी डिजाइन देखने में काफी अच्छी लगती है। यदि आप इसको पैरों में लगा रही हैं, तो यह रॉयल टच देगी। पैरों के साइज के आधार पर आप छोटे या बड़े झूमर बना सकती हैं। झूमर के साथ ही हाथ और घोड़ा का डिजाइन काफी ज्यादा अच्छा लगता है। झूमर के साथ बारात-डोली और छतरियां आदि की डिजाइंस भी बनवा सकती हैं। यह मेहंदी को ज्यादा वेडिंग टच देती है।

### ब्लॉक मेहंदी डिजाइन

अगर आप कम समय में दुल्हन के पैरों को यूनिक डिजाइन से सजाना चाहती हैं, तो आप ब्लॉक मेहंदी डिजाइन लगा सकती हैं। इस मेहंदी डिजाइन में अलग-अलग तरह के ब्लॉक लॉक्स बना सकती हैं। यह ब्लॉक्स कस्टमाइज भी हो सकते हैं। आप मेहंदी डिजाइन पर अपने प्यार की कोई निशानी बनवा सकती हैं। इस तरह के मेहंदी डिजाइन पैरों में काफी अच्छी लगती है। वहीं आप ब्लॉक मेहंदी को सपोर्ट करने के लिए इसमें बॉर्डर मेहंदी या फिर स्पाइरल बेल मेहंदी डिजाइन बनवा सकती हैं।

### बेल मेंहदी डिजाइन

इस तरह ही मेहंदी डिजाइन में आपको बहुत सारे पैटर्न मिल जाएंगे। हालांकि पैरों पर फूलों की बेल या अरेबिक इतनी ज्यादा अच्छी नहीं लगती है। लेकिन पैरों में बॉडर और बारीक मेहंदी का मिश्रण काफी अच्छा लगता है। ऐसे में अगर आप पैरों में बेल मेहंदी लगाने जा रही हैं, तो थोड़ा फूल-पत्तियों को बड़ा बनाएं। आप चाहें तो पैरों पर कमल या फिर गुलाब की बेल बना सकती हैं। वहीं इसको ज्यादा खूबसूरत बनाने के लिए पराग, लताएं और केरियां आदि भी बना सकती हैं।

# जींस के साथ स्टाइल करें बांधनी शॉर्ट कुर्ती, स्टाइलिश दिखने के साथ लगेंगी खूबसूरत



आप जींस के साथ बांधनी प्रिंट वाली कुर्ती को वियर कर सकती हैं। इस तरह की कुर्ती पहनने से आपका लुक काफी अच्छा लगेगा। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह के प्रिंट वाली बांधनी प्रिंट को ट्राई कर सकती हैं।

कुर्ती पहनना लगभग हर लड़की को पसंद होता है। जिसके लिए वह अक्सर अलग-अलग डिजाइन और पैटर्न वाली कुर्तियां पहनती हैं। लेकिन जब भी जींस के साथ कुर्ती पहनने की बात होती है, तो अक्सर प्रिंटेड डिजाइन वाली कुर्ती तलाश करते हैं। ऐसे में आप जींस के साथ बांधनी प्रिंट वाली कुर्ती को वियर कर सकती हैं। इस तरह की कुर्ती पहनने से आपका लुक काफी अच्छा लगेगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह के प्रिंट वाली बांधनी प्रिंट को ट्राई कर सकती हैं।

### गोटा वर्क वाली बांधनी प्रिंट कुर्ती

अगर आप भी अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाना चाहती हैं, तो आपको गोटा वर्क वाली बांधनी प्रिंट कुर्ती कैरी करनी चाहिए। गोटा वर्क वाली बांधनी प्रिंट कुर्ती में आपको नेकलाइन पर गोटा वर्क मिलेगा और स्लीव्स पर भी बॉर्डर मिलेगा। मार्केट में इस तरह की कुर्ती 300-800 रुपए तक मिल जाएगी।

### प्लेन डिजाइन वाली बांधनी कुर्ती

यदि आप भी शॉर्ट कुर्ती पहनने के लिए प्रिंट सर्च कर रही हैं, तो आपको प्लेन डिजाइन वाली बांधनी कुर्ती स्टाइल करनी चाहिए। यह कुर्ती पहनने के बाद काफी अच्छी लगेगी। हालांकि इसमें आपको किसी तरह का वर्क नहीं मिलेगा। इसमें आपको वी नेकलाइन और प्रिंटेड डिजाइन मिलेगा। इससे आपका लुक बहुत प्यारा आएगा। मार्केट में यह कुर्ती 200-400 रुपए के बीच मिल जाएगी।

### स्ट्रैपलेस वाली बांधनी कुर्ती

आप चाहें तो स्ट्रैपलेस वाली बांधनी कुर्ती भी ट्राई कर सकती हैं। यह कुर्ती पहनने के बाद काफी अच्छी लगेगी। इस तरह की कुर्ती में आपको बड़े प्रिंट वाला डिजाइन मिलेगी। आपको मार्केट में इस तरह की कुर्ती 300-500 रुपए के बीच में आसानी से मिल जाएगी।

### बांधनी प्रिंट वाली अनारकली कुर्ती

आप बांधनी प्रिंट वाले अनारकली सूट को जींस के साथ पेयर कर सकती हैं। यह अनारकली कुर्ती पहनने के बाद काफी अच्छी लगती है।

इसमें आपको पूरे में बांधनी प्रिंट मिलेगा। हालांकि इसमें आपको ज्यादा ऑप्शन नहीं मिलेंगे। लेकिन मार्केट में आपको 200-500 रुपए के बीच में बांधनी प्रिंट वाली अनारकली कुर्ती मिल जाएगी। इससे आपका लुक बेहद प्यारा लगेगा।



# चुटकियों में दूर होगी करेले की कड़वाहट, सब्जी बनाने से पहले फॉलो करें ये आसान टिप्स

**करेला खाना हेल्थ के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसमें विटामिन सी, विटामिन ए, फाइबर, आयरन, मैग्नीशियम और कई तरह के एंटीऑक्सिडेंट्स पाए जाते हैं, जो बॉडी में जरूरी पोषक तत्वों की कमी को पूरा करते हैं। हालांकि, करेले का स्वाद काफी कड़वा होता है, जिससे कई लोग खाना पसंद नहीं करते हैं। आप कुछ आसान टिप्स को फॉलो कर करेले की कड़वाहट को आसानी से कम कर सकते हैं। करेले की कड़वाहट को कम करने के लिए हम आपके लिए कुछ टिप्स लेकर आए हैं, जिन्हें आप आसानी से फॉलो कर सकते हैं।**

### नमक लगाकर रखें

करेले की कड़वाहट को कम करने के लिए आप इसमें नमक को मिला सकते हैं। इसके लिए आप पहले करेले को काट लें और इसमें नमक को मिलाकर करीब आधे घंटे तक रख दें। इससे करेले से पानी निकलेगा और उसकी कड़वाहट आसानी से निकल जाएगी। अब आप इसको साफ पानी से धो लें। अब आप इसकी सब्जी बना सकते हैं।

### सब्जी बनाने से पहले करेले को उबालें

करेले को काटने के बाद आप इसे उबाल सकते हैं। उबालने के लिए आप एक पैन में पानी लें और उसमें हल्का नमक डालकर करीब सात मिनट तक उबाल लें। इससे करेले की कड़वाहट कम होती है।

### दही या छाछ का करें उपयोग

करेले की कड़वाहट को कम करने के लिए आप दही या छाछ का भी उपयोग कर सकते हैं। इसके लिए आप दही या छाछ में करेले को मिलाकर रख दें। इससे करेले का स्वाद भी बेहतर होता है। अब आप इससे भरवां करेला भी बना सकते हैं।

### प्याज और मसालों से करें कड़वाहट कम

करेले की सब्जी बनाते समय प्याज, लहसुन, सौंफ, अमचूर या फिर नींबू के रस को डालकर भी आप इसकी कड़वाहट को कम कर सकते हैं। ये सामग्री इसकी स्वाद को बढ़ाती ही है और करेले की कड़वाहट भी कम करती है।

### सब्जी बनाते समय निकालें बीज

पके करेले में कड़वाहट अधिक होती है। ऐसे में आप सबसे पहले करेले काटते समय आप बीज को निकाल लें। दरअसल, बीजों में कड़वाहट होती है और इसको निकालने से स्वाद भी बेहतर होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### तेज गेंदबाज हर्षित राणा भारतीय टीम में शामिल

**लंदन।** तेज गेंदबाज हर्षित राणा को एक बदलाव के तहत ही इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरु आगामी टेस्ट सीरीज के लिए अपनी 18 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। हर्षित राणा ने इंडिया ए की और से अच्छा प्रदर्शन किया था जिसके बाद उन्हें टीम के साथ रुकने के लिए कहा गया था। तभी से संकेत मिलने लगे थे कि हर्षित को टीम में जगह मिलेगी। एक रिपोर्ट के अनुसा हर्षित भारतीय टीम में शामिल हो गए हैं। सीरीज का पहला मैच 20 जून को लीड्स में शुरू होगा। माना जाता है कि लीड्स की पिच से स्पिनरों की तुलना में तेज गेंदबाजों को अधिक मदद मिलती है, जिसके कारण भारतीय टीम पांच गेंदबाजी विकल्प के साथ उतर सकती है, ऐसे में हर्षित को अंतिम ग्यारह में भी जगह मिल सकती है।

### ऋषभ से अपने स्वभाविक अंदाज में खेलने को कहें गंभीर: बदानी

**नई दिल्ली।** पूर्व बल्लेबाज हेमंग बदानी ने कहा है कि भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर को उपकप्तान ऋषभ पंत से बात कर उनका हौंसला बढ़ाना चाहिये क्योंकि हाल में आईपीएल में उनका प्रदर्शन खराब रहा था जिससे वह दबाव में होंगे। इसलिए गंभीर को उन्हें ये बताना चाहिए कि वह अपने खेल पर ध्यान दें और उपकप्तानी को लेकर दबाव में न आयें। आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी के तौर पर ऋषभ पंत अपनी टीम को सफलता नहीं दिला पाये। इसके बाद भी भारतीय बोर्ड ने उनपर भरोसा जताते हुए उपकप्तानी सौंपी है। बदानी ने कहा कि भारतीय टीम शुभमन गिल के नेतृत्व में नए दौर की शुरुआत करने वाली है।

### तेज गेंदबाज हर्षित राणा भारतीय टीम में शामिल

**लंदन।** तेज गेंदबाज हर्षित राणा को एक बदलाव के तहत ही इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरु आगामी टेस्ट सीरीज के लिए अपनी 18 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। हर्षित राणा ने इंडिया ए की और से अच्छा प्रदर्शन किया था जिसके बाद उन्हें टीम के साथ रुकने के लिए कहा गया था। तभी से संकेत मिलने लगे थे कि हर्षित को टीम में जगह मिलेगी। एक रिपोर्ट के अनुसा हर्षित भारतीय टीम में शामिल हो गए हैं। सीरीज का पहला मैच 20 जून को लीड्स में शुरू होगा। माना जाता है कि लीड्स की पिच से स्पिनरों की तुलना में तेज गेंदबाजों को अधिक मदद मिलती है, जिसके कारण भारतीय टीम पांच गेंदबाजी विकल्प के साथ उतर सकती है, ऐसे में हर्षित को अंतिम ग्यारह में भी जगह मिल सकती है।।

#### 5 साल बाद टॉप पर पहुंचीं, बॉलर्स में दीप्ति शर्मा चौथे नंबर पर

# स्मृति मंधाना आईसीसी वनडे रैंकिंग में नंबर-1 बैटर बनी



### टी-20 में हेली मैथ्यूज नंबर-1 और दीप्ति नंबर-3 पर हैं

टॉप-10 बॉलर्स में दीप्ति इकलौती भारतीय वनडे की टॉप-10 बॉलर्स में दीप्ति शर्मा चौथे नंबर पर हैं। इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टन, ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर और मेगन शट टॉप-3 पोजिशन पर हैं। इस रैंकिंग में भारत की अगली टॉप प्लेयर रेणुका सिंह हैं, जो 24वें नंबर पर बरकरार हैं। हालांकि, टी-20 बॉलर्स रैंकिंग में दीप्ति दूसरे तो वहीं रेणुका पांचवें नंबर पर हैं। दोनों ही फॉर्मेट की ऑलराउंडर्स रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ। वनडे में एश्ले गार्डनर टॉप पर हैं, दीप्ति चौथे नंबर पर मौजूद हैं। वहीं टी-20 में हेली मैथ्यूज नंबर-1 और दीप्ति नंबर-3 पर हैं।

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी की विमेंस वनडे बैटर्स रैंकिंग में भारत की स्मृति मंधाना टॉप पर पहुंच गई हैं। वे साउथ अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ट और इंग्लैंड की नैटली सिवर ब्रंट को पीछे कर नंबर-1 पर पहुंचीं। मंधाना 5 साल बाद नंबर-1 बैटर बनीं, वे 2019 में आखिरी बार इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज खत्म होने के बाद टॉप पर पहुंची थी।

बॉलर्स की वनडे रैंकिंग में ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा चौथे नंबर पर बरकरार हैं। वे टी-20 रैंकिंग में दूसरे नंबर पर हैं। दीप्ति दोनों फॉर्मेट की ऑलराउंडर रैंकिंग में भी टॉप-4 के अंदर मौजूद हैं।

मंधाना टी-20 में चौथे नंबर-4 आईसीसी ने मंगलवार को विमेंस प्लेयर रैंकिंग अपडेट की। मंधाना ने 1 स्थान की छलांग लगाई, वे 727 पॉइंट्स के साथ टॉप पर पहुंचीं। सिवर-ब्रंट भी 1 स्थान ऊपर पहुंचीं, वे और वोल्वार्ट 719 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर कायम हैं। टॉप-10 बैटर्स रैंकिंग में भारत से और किसी भी प्लेयर को जगह नहीं मिली। जेमिमा रोड्रिग्ज 15वें और हरमनप्रीत कौर 16वें नंबर पर मौजूद हैं।

टी-20 बैटर्स रैंकिंग में भी मंधाना को छोड़कर भारत की कोई बैटर टॉप-10 में शामिल नहीं है। मंधाना चौथे नंबर पर हैं। ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी, वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज और ऑस्ट्रेलिया की ही ताहलिया मैक्ग्रा टॉप-3 पोजिशन पर कायम हैं।

टीम इंडिया दोनों फॉर्मेट में तीसरे नंबर पर दोनों ही फॉर्मेट की टीम रैंकिंग में भी बदलाव नहीं हुआ। इंडिया विमेंस वनडे में 121 और टी-20 में 260 रेटिंग पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दोनों फॉर्मेट में पहले और दूसरे नंबर पर हैं।



कनाडा में टी100 टूर के विजेता एथलीट पदकों के साथ मंच पर नजर आये।

#### इंग्लैंड में कम से कम 3 टेस्ट खेलना चाहता हूं, पहले के लिए फिट

# मैंने कप्तानी का जिम्मा लेने से मना किया: बुमराह



### मैंने बोर्ड से कहा, मुझे कप्तान न बनाएं

बुमराह बुमराह ने बताया, रोहित-कोहली के रिटायर होने से पहले मैंने बोर्ड से बात की थी। मैंने अपने वर्कलोड की जानकारी दी। पीठ दर्द के ट्रीटमेंट के बाद मैंने सर्जन से भी बात की। काम का बोझ था इसलिए हम इस नतीजे पर पहुंचे कि मुझे थोड़ा और स्मार्ट बनना होगा। जिसके बाद मैंने बोर्ड से कहा, मैं नहीं चाहता कि मुझे नेतृत्व के तौर पर देखा जाए। इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट खेलेंगे बुमराह बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए खुद को उपलब्ध बताया। उन्होंने अपनी फिटनेस पर बात करते हुए कहा- मैं कम से कम तीन मैच खेलना चाहता हूं। फिलहाल, यही प्लान है। अभी कोई नंबर तय नहीं किया है। लेकिन, पहले मैच के लिए तैयार हूं। हमें आगे देखना होगा कि चीजें कैसे गुजरती हैं।

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा है कि उन्होंने खुद कप्तानी लेने से मना कर दिया था। इतना ही नहीं, बुमराह ने खुद को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध बताया। 31 साल के पेसर ने स्काई स्पोर्ट्स पर दिनेश कार्तिक से बात की।

कप्तानी के सवाल पर बुमराह ने कहा- मैंने कप्तानी के लिए सिलेक्टर्स को मना किया था। इसमें कोई फैंसी कहानियां नहीं हैं, कोई विवाद नहीं है या कोई हेडलाइन वाला बयान नहीं है कि मुझे बर्खास्त कर दिया गया था या मेरी तरफ नहीं देखा गया। रोहित शर्मा के संन्यास के बाद कई पूर्व क्रिकेटर्स ने बुमराह को कप्तान बनाने का समर्थन किया था।

भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर हैं। टीम को वहां 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी हैं। पहला मुकाबला 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा।

हर्षित राणा इंग्लैंड में टीम इंडिया के साथ रुकेंगे: भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा को इंग्लैंड में टीम इंडिया के साथ टेस्ट सीरीज के लिए रुकने के लिए कहा गया है। वे पहले इंडिया ए का हिस्सा थे और इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 2 मैचों में खेले थे। इसके अलावा, उन्होंने भारतीय टेस्ट टीम के खिलाफ एक इन्ट्रा-स्क्वॉड मैच भी खेला था।

# ग्वालियर ने दर्ज की लगातार दूसरी जीत, बुंदेलखंड ने लगाई हार की हैट्रिक

**भोपाल, निप्र।** मध्य प्रदेश लीग 2025 में ग्वालियर चीताज ने लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए लय पकड़ ली है। बुंदेलखंड बुल्स के खिलाफ श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में ग्वालियर ने 46 रनों से जीत हासिल की है। पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्वालियर ने ओपनर सूरज यादव (69) के दम पर 208/5 का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में कप्तान हर्ष गावली (70) की दमदार पारी के बावजूद बुंदेलखंड 162 रन ही बना सकी। ये बुंदेलखंड की लगातार तीसरी हार है। पहले बल्लेबाजी कर रही ग्वालियर को सूरज ने ताबड़तोड़ शुरुआत दिलाई। उन्होंने केवल 29 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया था। पहले विकेट के लिए पार्थ चौधरी (22) के साथ उन्होंने 9.4 ओवर में 93 रनों की साझेदारी की थी। इस शुरुआत के बाद ग्वालियर को बीच में थोड़े पुश की जरूरत थी तो उन्होंने रिषभ चौहान ने दिलाई। बीती रात नाबाद 93 रन बनाने वाले रिषभ ने केवल 19 गेंदों में नाबाद 44 रन बनाए जिसमें चार छक्के शामिल रहे।



अंत में मंगेश यादव ने भी अपने बल्ले का जोर दिखाया और केवल छह गेंद में ही नाबाद 24 रन बना दिए। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के लगाए। बुंदेलखंड के लिए प्रियांशु शुक्ला सबसे महंगे रहे जिनके चार ओवर में 62 रन आए। विवेक शर्मा ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में केवल 19 रन खर्च किए और चार विकेट अपने नाम किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बुंदेलखंड ने तेज शुरुआत की थी, लेकिन पांचवें ओवर में ही उन्होंने पहला विकेट गंवा दिया। करन ताहिलयानी 17 गेंदों में 29 रन बनाकर आउट हुए। दूसरे ओपनर अभिषेक पाठक कुछ खास नहीं कर सके और उन्होंने 15 गेंदों में केवल 14 रन ही बनाए।

## व्यापार समाचार

#### तीन साल तक के लिए किया जा सकता है भंडार

# अन्न भंडारण में 20 लाख टन की अतिरिक्त क्षमता हासिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 40 लाख टन क्षमता वाले स्टील साइलो का निर्माण कार्य चल रहा है, जबकि 25 लाख टन क्षमता के लिए निविदा की प्रक्रिया जारी है।

अन्न भंडारण सुविधाओं को आधुनिक बनाने के लिए केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत देशभर में कुल 19.5 लाख टन क्षमता वाले स्टील साइलो यानी भंडारगृह बनाए हैं। इन आधुनिक भंडारगृह की मदद से भंडारण तीन साल तक के लिए किया जा सकता है। पूरी तरह से स्वचालित और आधुनिक सुविधाओं से लैस भंडारगृहों ने अन्नों की बर्बादी को भी कम किया है।

केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 40 लाख टन क्षमता वाले स्टील साइलो का निर्माण कार्य चल रहा है, जबकि 25 लाख टन क्षमता के लिए निविदा की प्रक्रिया जारी है। इस पीपीपी मॉडल के तहत लीप एग्री लॉजिस्टिक्स (बड़ौदा) प्राइवेट लि. ने भी केंद्र सरकार की ओर से 50,000 टन गेहूं के भंडारण के लिए स्टील साइलो परियोजना स्थापित की है। केंद्र सरकार के प्रयासों के तहत भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) पीपीपी मॉडल में स्टील साइलो का निर्माण कर रहा है, ताकि खाद्यान्न को लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सके।



11 वर्षों में 38 स्थानों पर 19.50 लाख टन क्षमता वाले साइलो का निर्माण: अधिकारी ने कहा, पिछले 11 वर्षों से 38 स्थानों पर पीपीपी मोड के तहत 19.50 लाख टन क्षमता वाले साइलो का निर्माण किया गया है। इसके अलावा, 90 स्थानों पर 39,62,500 टन क्षमता वाले साइलो का निर्माण किया जा रहा है। ये साइलो परियोजनाएं डिजाइन, निर्माण, वित्त, स्वामित्व और संचालन (डीबीएफओओ) या डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) के आधार पर बनाई जा रही हैं। इन्हें निजी स्वामित्व वाली भूमि और एफसीआई भूखंड, दोनों पर स्थापित किया जा रहा है। एफसीआई इन स्टील साइलो को समझौते के तहत 30 साल के लिए किराये पर लेती है।

### *गिरावट के बावजूद यात्री वाहनों की दूसरी बार रिकॉर्ड बिक्री, मई में सभी श्रेणी के कुल 2012969 वाहन बिके*

***नई दिल्ली।*** *सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने सभी श्रेणी के कुल 20,12,969 वाहन बिके। यह मई, 2024 में बिके 19,76,674 वाहनों से 1.8 फीसदी अधिक है। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, रेपो दर में फरवरी से अब तक एक फीसदी की कटौती और सामान्य से अधिक मानसून से वाहन क्षेत्र पर सकारात्मक असर पड़ेगा। घरेलू बाजार में यात्री वाहनों (पीवी) की थोक बिक्री मई, 2025 में सालाना आधार पर 0.8 फीसदी घटकर 3,44,656 इकाई रह गई। इस गिरावट के बावजूद यात्री वाहनों की बिक्री मई में अब तक दूसरी बार सबसे ज्यादा रही। एक साल पहले की समान अवधि में 3,47,492 पीवी बिके थे। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने सभी श्रेणी के कुल 20,12,969 वाहन बिके। यह मई, 2024 में बिके 19,76,674 वाहनों से 1.8 फीसदी अधिक है। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, रेपो दर में फरवरी से अब तक एक फीसदी की कटौती और सामान्य से अधिक मानसून से वाहन क्षेत्र पर सकारात्मक असर पड़ेगा।*

#### अपोलो नवी मुंबई में शुरू होगा, इंस्टिट्यूट ऑफ़ क्लिनिकल ओबेसिटी एंड मेटाबोलिज़्म

# मोटापा भारत के शहरी और अर्ध शहरी इलाकों में बढ़ता एपिडेमिक है

**नवी मुंबई, एजेंसी।** अपोलो हॉस्पिटल्स नवी मुंबई में एक अत्याधुनिक इंस्टिट्यूट ऑफ क्लिनिकल ओबेसिटी एंड मेटाबोलिज़्म का उद्घाटन होने जा रहा है। इस क्षेत्र में बढ़ते मोटापे के संकट को दूर करना इस पहल का उद्देश्य है। यह क्लिनिक वज़न प्रबंधन के लिए एक मल्टी-डिसिप्लिनरी दृष्टिकोण प्रदान करेगा, जिसमें लोगों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप मेडिकल, पोषण और मनोवैज्ञानिक सहायता का संयोजन किया जाएगा।

भारत एक बड़ी गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती का सामना कर रहा है, विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार मोटापा कई बीमारियों का एक प्रमुख कारण है। हृदय संबंधी स्थितियां, टाइप 2 मधुमेह और कुछ कैंसर मोटापे की वजह से होते हैं। ये बीमारियां अक्सर सिस्टमिक इन्फ्लेमेशन से जुड़ी होती हैं, जो रक्त वाहिकाओं और अंगों को नुकसान पहुंचा सकती हैं, और कई गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं का कारण बन सकती हैं। इसलिए मोटापे को संबोधित करना न केवल वज़न प्रबंधन के लिए बल्कि इन जानलेवा बीमारियों की रोकथाम के लिए भी महत्वपूर्ण है।

बच्चों में मोटापा बढ़ रहा है, यह और भी चिंताजनक बात है। लैंसेट के एक अध्ययन का अनुमान है कि भारत में 5 से 19 वर्ष की आयु के लगभग 12.5 मिलियन बच्चे 2022 में मोटापे से ग्रस्त हो जाएंगे। यह संख्या दुनिया में सबसे अधिक है। 1990 में 0.4 मिलियन से इसमें उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों, शक्कर मिले हुए पेय पदार्थों की बढ़ती खपत, स्क्रीन पर बहुत ज़्यादा समय बिताना और शारीरिक गतिविधियां बहुत ही कम कम करना इस समस्या के प्रमुख कारण हैं। अपोलो हॉस्पिटल्स नवी मुंबई में इंस्टिट्यूट ऑफ क्लिनिकल ओबेसिटी एंड मेटाबॉलिज़्म मोटापे के मूल कारणों को दूर करने वाली व्यापक देखभाल प्रदान करके इन चुनौतियों का मुकाबला करना चाहता है। व्यक्तिगत उपचार योजनाओं और जीवनशैली में सस्टेनेबल बदलाव पर ध्यान केंद्रित करके, मोटापे से ग्रस्त व्यक्तियों, विशेष रूप से बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार करना क्लिनिक का उद्देश्य है।




डॉ.संजय खरे, चीफ कंसल्टेंट-बैरिएट्रिक मेडिसिन के डायरेक्टर, अपोलो हॉस्पिटल्स नवी मुंबई ने कहा, पूरे देश में हम जो देख रहे हैं, उसकी पुष्टि हमारे अनुभवों से भी हुई है- भारत तेज़ी से मोटापे की ग्लोबल कैपिटल बन रहा है और खास तौर पर बच्चों में मोटापा काफी ज़्यादा बढ़ रहा है। यह सिर्फ वज़न के बारे में नहीं है - मोटापा गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं जैसे कि बहुत कम उम्र में मधुमेह होना, हार्मोनल असंतुलन और हृदय संबंधी जोखिमों का मूल कारण है। हमारे क्लिनिक के साथ, हम एक विज्ञान-संचालित, समुदाय-आधारित पहल शुरू कर रहे हैं जो स्कूलों, समाजों और परिवारों के माध्यम से जल्द से जल्द निदान, व्यक्तिगत परामर्श और जीवनशैली में दीर्घकालिक परिवर्तन को प्राथमिकता देता है।

अरुणेश पुनेथा, पश्चिमी क्षेत्र के रीजनल सीईओ, अपोलो हॉस्पिटल्स ने कहा, इस क्लिनिक को शुरू करके, अपोलो निवारक स्वास्थ्य सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मज़बूत करता है।

#### क्रांतिकारी मनुवादी मोर्चा पार्टी के अध्यक्ष आर.के. भारद्वाज ने कहा

# कॉलेज के जमाने से मैं समाज और देश के उत्थान लिए सरकारों से विनती करता रहा हूं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रांतिकारी मनुवादी मोर्चा पार्टी के अध्यक्ष आर.के. भारद्वाज ने कहा कि पोलिटिकल पार्टी का अध्यक्ष होते हुए भी मैं पोलिटीशियन नहीं हूँ, बल्कि फख्र है, कि मैं सोसियो पोलिटिकल रिफोर्मर हूँ। कॉलेज के जमाने से मैं समाज और देश के उत्थान लिए सरकारों से विनती करता रहा हूं। चाहे बो धरने के रूप में हो या आंदोलन के रूप में हो, उसमें सफलता भी मिली, जैसे निर्वाचन श्वङ्करूमें नोटा का बटन लगना। अब हमारी कुछ, और मागें हैं जैसे हम चाहते हैं कि चुनाव आयोग इस पर संज्ञान ले, जिसमें

1- राइट टू रिजेक्ट (नोटा) जो अभी अधूरा है इसको अन्य प्रत्याशियों की तरह एक प्रत्याशी होते हुए जीतने का हक मिलना चाहिए

2 - व राइट टू रिकॉल,

3 - वोटिंग मशीन में प्रत्याशी का चुनाव चिन्ह, हटाकर उसका साफ फोटो लगे ताकि वोटर आँख मूँदकर चुनाव चिन्ह पर बटन दबाने के बजाय प्रत्याशियों को पहचानकर कि अच्छा या बुरा है उसे मत दाता चिह्नित कर सके

4 - माफियाओं भ्रष्टाचारियों और अपराधियों को राजनीति में जगह ना मिले

5- दल-बदल पर पूरी रोक लगे, 6 - आरक्षण नीति की जगह गरीब छात्रों को संरक्षण की नीति बने।

7 -उन्होंने कहा कि, दिल्ली की मुख्यमंत्री से निवेदन है, कि ऐतिहासिक रामलीला मैदान सरीखे महत्वपूर्ण स्थल से इस अवैध निर्माण को तुरन्त ध्वस्त करवायें।

8- दूसरे, श्री भारद्वाज ने जोर देते हुए कहा कि बीजेपी द्वारा बनाये गये 75 साल के नियमानुसार मोदी को सितम्बर 2025 में 75 वर्ष के हो रहे हैं क्या वह पद किसी और व्यक्ति देंगे, जो देश में सबसे अच्छी प्रादेशिक सरकार चला रहे हैं। अगर ऐसा है तो योगी जी को प्रधानमंत्री पद के लिए आमंत्रित करना चाहिए।

# उमंग आर्ट एंड क्राफ्ट सिल्क एक्स्पो का शुभारंभ

**भोपाल, निप्र।** उमंग सिल्क एक्स्पो द्वारा प्रदर्शनी के दशहरा ग्राउंड में दिनांक 17 जून से 17 जुलाई 2025, समय 11ः00 से रात्रि 9ः00 तक चलेगी 7 इस सिल्क एक्स्पो में साड़ी और सूट के 25000 से भी ज्यादा नए डिजाइन उपलब्ध, जिसमें कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के बेहतरीन कलेक्शन प्रस्तुत किए गए हैं।

उमंग सिल्क एक्सपो द्वारा केशरबाग बारादरी मे आयोजित प्रदर्शनी को 'श्रीमती कृष्णा गौर राज्य मंत्री मध्य प्रदेश सरकार, भारतीय जानता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदर्शनी मे आए सभी आर्टिजन एवं बुनकरों से बात कर उनका उत्साह वर्धन किया। श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि इस तरह के आयोजन से लघु तथा कुटीर उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा जिससे लोगों की आय मे वृद्धि होगी। समाज की उन्नति मे इस तरह की प्रदर्शनी का योगदान सराहनीय है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी के आयोजक आशीष गुप्ता ने कारीगरों को एक मंच प्रदान कर सराहनीय कार्य किया है।




उमंग सिल्क एक्स्पो अवसर पर समाज के लोगों को इस तरह के एक्सपो में भाग लेने का आह्वान किया, इस अवसर पर तमाम गणमान्य लोग तथा आर्टिजन उपस्थित रहे। प्रदर्शनी के आयोजक आशीष गुप्ता को उनके कारीगरों के उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया।

उमंग सिल्क एक्स्पो के आयोजक आशीष कुमार गुप्ता ने बताया कि संस्थान द्वारा आयोजित सिल्क एक्स्पो व सेल में देश भर से आए सिल्क बुनकरों व डिजाईनरो ने अपने अपने प्रदेश संस्कृति काव्य और त्यौहारो को सिल्क पर छापा है, भोपाल मे विट्ठल मार्केट रविशंकर नगर मे आयोजित उमंग सिल्क एक्स्पो का मकसद देशभर के सिल्क उत्पादों का एक ही छत के तले प्रदर्शनी करना है।

उमंग सिल्क एक्स्पो में कांजीवरम उपाडा, गढ़वाल पटोला, बैंगलोर सिल्क, कांथा वर्क, डकारी जामदानी, पैठानी, बनारसी, भागलपुरी की साड़ियो, कश्मीरी पश्मीना साड़ी, सूट सॉल जैकेट स्टोल आदि बिक्री हेतु उपलब्ध है।

एक्जीवीशन में गुजरात की पटोला सिल्क, तेलांगना की उपाडा सिल्क तमिलनाडु की कांजीवरम सिल्क, महाराष्ट्र की पैठानी सिल्क, पर गई कलाकारी लोगो को अपनी ओर खीच रही है। इस प्रदर्शनी में पश्चिम बंगाल के काला हस्ती से आए बुनकर ने भगवान श्री कृष्ण के नोका विहार का द्रश्य सिल्क पर पेंट किया किया है साड़ियो पर बनी डीजायनो में कश्मीरी केशर की डीजायन के साथ ही कश्मीरी कहावा भी है। इसके साथ ही प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ से कोसा, घिचा,मलबरी रॉ सिल्क, एब्लॉक प्रिंटेड सिल्क साड़ी गुजरात से बान्धनी, पाटोला कच्छ एम्ब्रोयडरी, मिरर वर्क एवं डिजाइनर कुर्ती, रिंग, बैंगल्स, मांग टीका, कमरबंद, और मुंबई वेस्टर्न पैटर्न ज्वैलरी व पालकी ज्वैलरी भी है ल खुर्जा की पोटरी सहारनपुर का फनीचर आदि।

### *भारतीयों ने चॉकलेट, जेम और मीठे उत्पाद पर 6.60 लाख करोड़ किए: रिपोर्ट*

***मुंबई, एजेंसी।*** *एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023-24 में भारतीयों ने चॉकलेट, जेम और चीनी जैसे मीठे उत्पादों पर 6.60 लाख करोड़ रुपए खर्च किए, जबकि सब्जियों पर 5.95 लाख करोड़ और तेल व वसा जैसे आवश्यक खाद्य पदार्थों पर केवल 2.45 लाख करोड़ रुपए ही खर्च किए गए तेल और वसा पर खर्च में गिरावट CMIE के अनुसार, पिछले एक साल में तेल और वसा पर खर्च में 19.67त्न की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं दूसरी ओर चॉकलेट पर खर्च में 19.78त्न की बढ़त देखी गई है। यह ट्रेंड उपभोक्ताओं की प्राथमिकताओं में हो रहे बदलाव की ओर इशारा करता है। बीते चार वर्षों में खर्च का आंकड़ा इस प्रकार है- 2023-24 चॉकलेट, जेम, चीनी 6.60 लाख करोड़ सब्जियां 5.95 लाख करोड़तेल वसा 2.45 लाख करोड, 2022-23 चॉकलेट, जेम, चीनी 5.51 लाख करोड़सब्जियां 5.28 लाख करोड़तेल वसा 3.05 लाख करोड़ 2021-22 चॉकलेट, जेम, जेम, चीनी 4.46 लाख करोड़, सब्जियां- 4.79 लाख करोड़, तेल वसा 2.01 लाख करोड़ स्वास्थ्य और कुल रिपोर्ट में यह भी बताया गया है।*

# पीएम मोदी से मुलाकात: खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या पर कनाडाई पीएम का जवाब

नई दिल्ली ■ एजेंसी

भारत और कनाडा के बीच संबंधों में खालिस्तानी आतंकवाद विवाद का एक प्रमुख मुद्दा रहा है. पूर्व कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिस ट्रूडो के कार्यकाल में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद दोनों देशों के रिश्तों में तल्खी भी आई थी. कनाडा में भारत विरोधी तत्व और खालिस्तानी चरमपंथी मोदी सरकार के लिए चिंता का विषय हैं. ऐसे में जी7 समिट के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और कनाडा के पीएम मार्क कार्नी की पहली मुलाकात में भी इसका असर देखने को मिला.

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी बुधवार को जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान अपनी धरती पर खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी चर्चा का डिटेल शेयर करते हुए काफी अलर्ट दिखे. पत्रकारों से बात करते हुए कार्नी ने कहा कि दोनों नेताओं ने कानून प्रवर्तन वार्ता और सीधे सहयोग करने के महत्व पर चर्चा की, क्योंकि न्यायिक प्रक्रिया चल रही है. उन्होंने कहा कि इस बारे में बयान को लेकर सावधान रहने की जरूरत है.



पीएम कार्नी ने कनानास्किस में आयोजित जी7 समिट के दौरान कहा कि हमने कानून प्रवर्तन वार्ता के महत्व पर चर्चा की, न कि सिर्फ बातचीत, बल्कि सीधे सहयोग के महत्व पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि एक न्यायिक प्रक्रिया चल रही है और मुझे आगे की टिप्पणियों के बारे में सावधान रहने की जरूरत है. उनका यह बयान ऐसे वक्त में आया है जब भारत और कनाडा ने एक-दूसरे की राजधानियों में उच्चायुक्तों को बहाल करने का फैसला करके एक बड़ी कूटनीतिक सफलता हासिल की है. यह फैसला शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक के बाद लिया गया.

भारत में वॉन्टेड आतंकी निज्जर को जून 2023 में कनाडा की धरती पर गोली मार दी गई थी. कुछ महीने बाद कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने एक चौंकाने वाला आरोप लगाते हुए कहा कि ओटावा के पास ब्रिटिश कोलंबिया में निज्जर की हत्या में भारतीय सरकारी एजेंटों के शामिल होने का इशारा करने वाले पुख्त सबूत हैं। निज्जल का मामला तब से दोनों देशों के बीच कूटनीतिक मतभेद का सेंटर पॉइंट बना हुआ है. भारत ने लगातार इन दावों को खारिज किया है, जिसमें कनाडा सरकार पर मामले में भारतीय नागरिकों की गिरफ्तारी के बावजूद अपने आरोपों के ठोस सबूत या ऑफिशियल कम्युनिकेशन मुहैया कराने में विफल रहने का आरोप लगाया है.

द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और उनके कनाडाई समकक्ष ने दो साल के लंबे तनाव के बाद दोनों देशों के कूटनीतिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए सकारात्मक नजरिया साझा किया. प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में हुए कनाडाई चुनावों में कार्नी की जीत पर उन्हें बधाई दी और कई क्षेत्रों में भारत और कनाडा के बढ़ते संबंधों पर अपने विश्वास के बारे में बात की.

इस बीच, कार्नी ने 2018 से हर जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पीएम मोदी की तारीफ की और भारत के वैश्विक प्रभाव का भी जिक्र किया. आजतक संवाददादता के गौरव सावंत के एक सवाल का जवाब देते हुए, कनाडाई पीएम ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने 2018 से हर जी7 में हिस्सा लिया है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार, भारतीय अर्थव्यवस्था की गतिशीलता, भारतीय प्रौद्योगिकी और जी20 और उससे आगे के आयोजनों में भारत की नेतृत्वकारी स्थिति को दिखाता है.%

उन्होंने कहा कि जी7 के अध्यक्ष के रूप में प्रधानमंत्री मोदी की मेजबानी पूरी तरह से स्वाभाविक है. मुझे पूरी उम्मीद है कि भारत के प्रधानमंत्री अगले साल फ्रांस में आयोजित होने वाली जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे. उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी द्विपक्षीय बैठक को बुनियादी और जरूरी पहला कदम बताया. कनाडाई प्रधानमंत्री ने बताया कि दोनों नेताओं ने भारत और कनाडा के बीच संबंधों को फिर से बनाने के लिए जरूरी बुनियाद मुहैया कराने पर सहमति जताई है. कनाडा के प्रधानमंत्री बनने के बाद से यह कार्नी और प्रधानमंत्री मोदी के बीच पहली बैठक थी

## संक्षिप्त समाचार

### साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री ने केंद्र से मांगा 63.60 करोड़

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए केंद्र से 63.60 करोड़ का अनुरोध और विद्युत परिसंपत्तियों को एनडीआरएफ/एसडीआरएफ के तहत क्षतिपूर्ति के दायरे में लाने का आग्रह किया। साथ ही सितारगंज केंद्रीय कारागार के विस्तार के लिए 150.16 करोड़ का प्रस्ताव सहित राज्य के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में बढ़ती चुनौतियों के दृष्टिगत केंद्रीय गृह मंत्री से देहरादून में साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए 63.60 करोड़ की धनराशि की स्वीकृति का अनुरोध किया है। यह सेंटर डिजिटल अपराधों की रोकथाम, विशेषज्ञ प्रशिक्षण, साइबर फोरेंसिक और आधुनिक संसाधनों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके साथ ही राज्य की विद्युत अधोसंरचना को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली क्षति पर चर्चा करते हुए अवगत कराया कि छोटे हिमालयी राज्यों की भौगोलिक विषमताओं को ध्यान में रखते हुए विद्युत उत्पादन, पारेषण एवं वितरण परिसंपत्तियों को एनडीआरएफ/एसडीआरएफ के तहत क्षतिपूर्ति के दायरे में लाया जाए। इससे राज्य का आपदा प्रबंधन तंत्र और अधिक प्रभावी व सशक्त होगा।

### ईरानी राष्ट्रपति पेजेश्कियन ने कहा- युद्ध नहीं बढ़ाना चाहते, लेकिन हमले का जवाब देंगे

**तेहरान/अंकारा।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने सोमवार को स्पष्ट किया कि उनका देश इजराइल के साथ युद्ध को और व्यापक नहीं बनाना चाहता, लेकिन अगर हमला हुआ तो उसका उचित और आनुपातिक जवाब दिया जाएगा। यह बयान उन्होंने तुर्किए के राष्ट्रपति रेचप तैय्यप एर्दोगन के साथ फोन पर बातचीत के दौरान दिया, जिसकी जानकारी ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए और तुर्की की अनादोलु एजेंसी ने दी। पेजेश्कियन ने कहा, ईरान ने यह युद्ध शुरू नहीं किया। इजराइली आक्रमण में हमारे वैज्ञानिकों, सैन्य अधिकारियों और आम नागरिकों की जान गई है। लेकिन हमले के स्तर के मुताबिक हम जरूर जवाब देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता में ईरान की भागीदारी पूरी तरह से इस बात पर निर्भर है कि जायनिस्ट शासन (इजराइल) अपने क्षेत्रीय हमलों को रोकता है या नहीं। इस बीच. तुर्किए के राष्ट्रपति रेचप तैय्यप एर्दोगन ने कहा कि उनका देश संघर्ष को कम करने में सुविधाजनक भूमिका निभाने को तैयार है।

### अमेरिकी जज ने ट्रंप को दिया झटका, कहा-एनआईएच का अनुदान रद्द करना अवैध

वाशिंगटन। संयुक्त राज्य अमेरिका के एक संघीय जज ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को झटका दिया है। जज ने फैसले में कहा कि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) का अनुदान रद्द करने वाला ट्रंप का निर्देश अमान्य और अवैध है। रद्द किए गए कुछ अनुदानों में एलजीबीटीक्यू आदि के शोध अनुदान भी शामिल थे। एबीसी न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, यह फैसला मैसाचुसेट्स के संघीय जज विलियम यंग ने सोमवार को सुनाया। यूएस डिस्ट्रिक्ट जज यंग ने कहा कि यह संघीय कानून का उल्लंघन है। ऐसा निर्देश नस्लीय भेदभाव है। अनुदान रद्द करने के बाद एक अमेरिकी सार्वजनिक स्वास्थ्य संघ और 16 राज्यों के समूह ने मुकदमा दायर किया गया था। मुकदमे कहा गया था कि अनुसंधान निधि में 1.8 बिलियन डालर तक की कटौती की गई है। जज ने फैसले में अनुदानों को बहाल करने का आदेश दिया। स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग के संचार निदेशक एंड्रयू निक्सन ने फैसले पर कहा कि एजेंसी शोध के लिए वित्त पोषण समाप्त करने के अपने निर्णय पर कायम है। निक्सन ने कहा कि वह अपील दायर करने और आदेश पर रोक लगाने के लिए आगे बढ़ने सहित सभी कानूनी विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। वादीगणों में हार्वर्ड टीएच चैन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ब्रिटनी चार्लटन भी शामिल हैं।

## 3 महीने पहले इसी ट्रेन को बलूचों ने किया था हाईजैक

# पाकिस्तान धमाके के बाद जाफर एक्सप्रेस के 4 डिब्बे पटरी से उतरे

गांधीनगर ■ एजेंसी

पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में बुधवार को एक बड़ा रेल हादसा हुआ है. यहां पेशावर से क्वेटा जा रही जाफर एक्सप्रेस एक धमाके के बाद पटरी से उतर गई. जानकारी के मुताबिक, इस ट्रेन की 4 बोगियां पटरी से उतरीं हैं, ये हादसा पाकिस्तान के जैकबाबाद के करीब हुआ है. इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं आई है.



दरअसल, इसी साल मार्च में बिल्कुल ऐसी ही घटना पहले भी हो चुकी है. जब पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस को ही बलूच लिबरेशन आर्मी के लोगों ने हाईजैक कर लिया था. उस वक्त बीएलए ने ये जानकारी दी थी कि इस ट्रेन हाइजैक में 214 यात्रियों को बंधक बनाया गया है, हैरानी वाली बात ये थी कि उस ट्रेन में बड़ी संख्या में पाकिस्तानी सेना के सैनिक थे, जिसमें से कुछ को बीएलए ने मौत के घाट भी उतार दिया था. पिछली बार क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस जब रास्ते में थी, तब क्रू के लोगों ने एक टनल के पास धमाका किया था. जब ट्रेन की रफ्तार धीमी हुई, तब कुछ और धमाके किए गए और इस तरह ट्रेन बेपटरी हो गई. इस ट्रेन में कई आम नागरिक थे, साथ ही पाकिस्तानी सेना के भी कुछ लोग साथ में थे. बीएलए के लोगों ने कई लोगों को मौत के घाट उतारा था, जबकि पाकिस्तानी सेना की ओर से दावा किया गया था कि उन्होंने बीएलए के कई लोगों को मार दिया है और अपने सभी नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है.

# ऑपरेशन 'सिंदूर' के बाद पूर्व सैन्य अधिकारियों के साथ 'चीफ्स चिंतन' बैठक शुरू

नई दिल्ली ■ एजेंसी

ऑपरेशन 'सिंदूर' के बाद सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पूर्व सेना प्रमुखों के साथ मंगलवार से नई दिल्ली में दो दिवसीय 'चीफ्स चिंतन' बैठक शुरू की है। इसका मकसद पूर्व सैन्य अधिकारियों के अनुभवों का लाभ उठाने के लिए एक मंच तैयार करना है। जनरल द्विवेदी ने पूर्व सेना प्रमुखों का स्वागत किया और भारतीय सेना के चल रहे परिवर्तन और भविष्य की दिशा को आकार देने में उनकी निरंतर भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया।



कार्यक्रम के पहले दिन पूर्व सैन्य अधिकारियों को ऑपरेशन सिंदूर पर व्यापक परिचालन ब्रीफिंग दी गई, जिसमें भारतीय वायु सेना और नौसेना के साथ संचालन का समन्वित संचालन शामिल था। ऑपरेशन की प्रासंगिकता समझाने के लिए पूर्व प्रमुखों से सुझाव लेने के साथ ऑपरेशन के निष्पादन, रणनीतिक प्रभाव और संयुक्त कौशल मॉडल को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। पूर्व प्रमुखों को परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से आला प्रौद्योगिकियों और आधुनिकीकरण पहलों को शामिल करने के बारे में भी जानकारी दी गई। सम्मेलन के दौरान तकनीकी पहल और तकनीक अपनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयास पर चर्चा की गई। बैठक में विकसित भारत ञ्च2047ञ्ज विकसित भारत के लक्ष्यों में भारतीय सेना के योगदान पर भी चर्चा हुई। दो दिवसीय बैठक में मानव संसाधन और वयोवृद्ध कल्याणञ्ज मानव संसाधन नीतियों में सुधार और वयोवृद्धों के लिए कल्याणकारी योजनाओं की पहल पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बाद अब चीन का आया संदेश, अपने लोगों से कहा- तत्काल इजरायल छोड़ दें

बीजिंग ■ एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के तेहरान को खाली करने की चेतावनी के बाद अब चीन ने भी अपने नागरिकों को इजरायल तुरंत छोड़ने की सलाह दी है। इन बयानों ने पूरी दुनिया में हलचल मचा दी है और यह संकेत दे रहे हैं कि यह युद्ध और भयावह रूप ले सकता है। इस युद्ध के बीच डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को अपनी सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर एक चौंकाने वाला बयान जारी किया। उन्होंने लिखा, 'ईरान को मेरी की तरफ से दी गई डील साइन कर लेनी चाहिए थी। यह बहुत शर्मनाक है और मानव जीवन की बर्बादी है। साफ शब्दों में, ईरान को परमाणु हथियार नहीं मिलना चाहिए।



मैंने बार-बार कहा! सभी को तुरंत तेहरान खाली कर देना चाहिए! ट्रंप ने यह भी कहा कि वह जी7 समिट को बीच में छोड़कर वाशिंगटन लौट रहे हैं और नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल की बैठक बुलाई है।

उनके इस बयान ने तेहरान में दहशत फैला दी, जहां लोग पहले से ही इजरायली हमलों के कारण पलायन कर रहे हैं। तेहरान की कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर सामने आई हैं कि शहर से निकलने वाली सड़कों पर लंबा जाम दिख रहा है। वहां पेट्रोल की किल्लत और बैंक के एटीएम खाली पड़ने की भी खबरें हैं। ट्रंप के इस बयान के बाद अब चीनी दूतावास ने इजरायल में रहने वाले अपने नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने की सलाह दी। चीनी दूतावास ने वीचैट पर जारी एक बयान में कहा, 'इजरायल-ईरान युद्ध लगातार बढ़ रहा है। नागरिक सुविधाएं क्षतिग्रस्त हो रही हैं, हताहतों की संख्या बढ़ रही है और सुरक्षा स्थिति गंभीर होती जा रही है।' दूतावास ने अपने नागरिकों से जॉर्डन से सटी लैंड बॉर्डर रूट अपनाने की सलाह दी। पहले डोनाल्ड ट्रंप और अब चीन के इस बयान से यह अटकलें तेज हो गईं कि यह जंग और भीषण हो सकती है।

# एआईसीटीई ने उद्योग-अकादमिक सहयोग को मजबूत करने के लिए उद्योग फेलोशिप कार्यक्रम शुरू किया

नई दिल्ली ■ एजेंसी

शिक्षा और उद्योग जगत के बीच की खाई को पाटने के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने एआईसीटीई इंडस्ट्री फेलोशिप प्रोग्राम शुरू किया है। इसके माध्यम से देशभर के तकनीकी संस्थानों के चयनित संकाय सदस्यों को अग्रणी उद्योगों के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो. टी.जी. सीताराम ने मंगलवार को योजना को लांच किया।




एआईसीटीई के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के विजन के हिस्से के रूप में फेलोशिप को शुरू में बतौर पायलट प्रोजेक्ट लागू किया जाएगा जिसमें शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में 350 संकाय सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। आने वाले वर्षों में इसे सालाना 1,500 फेलोशिप तक बढ़ाने का लक्ष्य है। यह अनूठी फेलोशिप सभी हितधारकों, संकाय, शैक्षणिक संस्थानों, उद्योग भागीदारों और छात्रों के लिए फायदेमंद है। संकाय सदस्यों को उद्योग का व्यावहारिक अनुभव, वर्तमान तकनीकों के बारे में बेहतर जानकारी और वास्तविक समय में समस्या-समाधान में प्रत्यक्ष भागीदारी प्राप्त होगी। वहीं, उद्योग जगत को प्रशिक्षित शिक्षकों के बौद्धिक इनपुट से लाभ होगा और सहयोग के माध्यम से भविष्य के लिए तैयार कार्यबल की पाइपलाइन तैयार होगी। इस दौरान एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो. टी.जी. सीताराम ने कहा कि इस कार्यक्रम को उद्योग और शिक्षा जगत के बीच के अंतर को पाटने के लिए तैयार किया गया है। यह एक सामूहिक प्रयास है जो सभी हितधारकों के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

# गला घोंटकर किया गया इन्फ्लुएंसर कमल कौर का कत्ल... पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा

चंडीगढ़ ■ एजेंसी

पंजाब के बठिंडा में हुए कंचन कुमारी उर्फ कमल कौर हत्याकांड में पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आ चुकी है. सरकारी अस्पताल के तीन डॉक्टरों की टीम द्वारा किए गए पोस्टमार्टम में यह साफ हुआ है कि कमल कौर की मौत गला दबाने से हुई है. हालांकि, रिपोर्ट में यौन उत्पीड़न निशान मिले हैं। इसकी पुख्ता जानकारी स्वैब और विसरा जांच रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगी, जो फिलहाल लैब में भेजे गए हैं।

इस मर्डर केस की तह तक जाने के लिए बठिंडा पुलिस लगातार छानबीन में जुटी हुई है. इस मामले में एसएसपी अमनीत कोंडल ने हाल ही में प्रेस कान्फ्रेंस कर इस हत्या के मास्टरमाइंड और मुख्य आरोपी की पहचान अमृतपाल मेहरों के रूप में की. अमृतपाल फिलहाल विदेश फरार है. पुलिस का कहना है कि वह पिछले तीन महीनों से कमल कौर की हत्या की साजिश रच रहा था. एसएसपी ने बताया था कि अमृतपाल ने कमल कौर से पहले संपर्क किया था और कार प्रमोशन के बहाने उसकी रेकी शुरू की थी. वारदात वाले दिन अमृतपाल ने कंचन की कार खुद चलाई, जिसमें अन्य दो आरोपी निम्रतजीत और जसप्रीत भी सवार थे. वे तीनों गाड़ियों में साथ घूमते रहे. अमृतपाल ने कंचन के दो मोबाइल फोन लिए और उनके पासवर्ड भी हासिल कर लिए थे।



इसके बाद पूरी प्लानिंग के अनुसार निम्रतजीत और जसप्रीत ने पहले कमल कौर को थप्पड़ मारे और बाद में उसका गला दबाकर बेरहमी से हत्या कर दी. हत्या के बाद अमृतपाल एक अन्य आरोपी रणजीत की कार लेकर फरार हो गया. पुलिस ने रणजीत और एक अज्ञात व्यक्ति को भी इस मामले में नामजद किया है. दोनों की तलाश जारी है और उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कर दिए गए हैं।

हत्या के बाद मास्टरमाइंड अमृतपाल विदेश भाग गया. पंजाब पुलिस अब उसके इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस की प्रक्रिया में जुटी है, ताकि उसे जल्द से जल्द भारत लाया जा सके. इस पूरे मामले को लेकर पोस्टमार्टम की प्रारंभिक रिपोर्ट सामने आ चुकी है, लेकिन यौन शोषण की पुष्टि के लिए विसरा और स्वैब की रिपोर्ट का इंतजार है. पुलिस का मानना है कि कमल कौर की हत्या बेहद योजनाबद्ध और निर्मम तरीके से की गई, जिसमें सबूत इकट्ठे किए जा रहे हैं।

# केरल हादसे के बाद एनएचएआई ने ठोस कदम उठाए

नई दिल्ली ■ एजेंसी

केंद्र सरकार की अधीनस्थ संस्था राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने केरल के कासरगोड जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-66 (एनएच-66) के चेरक्कला क्षेत्र में ढलान सुरक्षा कार्य के ढहने की घटना को गंभीरता से लिया है। यह हादसा 16 जून को चेंगला-नीलेश्वरम सेक्शन में घटित हुआ था। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि शुरुआती जांच में पाया गया कि दुर्घटना का मुख्य कारण अनुचित डिज़ाइन, अपर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था और खराब ड्रेनेज सिस्टम था। इस लापरवाही के लिए एनएचएआई ने ठेकेदार कंपनी मेघा इंजीनियरिंग एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और इसके प्रमोटर को भविष्य की सभी परियोजनाओं की निविदाओं (बोली) से बाहर कर दिया है। इसके अतिरिक्त कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए एक साल के लिए डिबार करने और 9 करोड़ रुपये तक के जुर्माने की चेतावनी भी दी गई है।



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग
क्रमांक-1, जी.टी.बी. कॉम्पलेक्स, न्यू मार्केट, भोपाल (म.प्र.)

**आम-सूचना**

विश्वकर्मा नगर फेस-01 बैरसिया रोड भोपाल में स्थित **भूखंड क्र.शेल्टरलेस ई. डब्ल्यू.एस.-08** मंडल व्दारा **श्री मोहम्मद जावेद आत्मज मो. सगीर** के नाम से आवंटित है, उनके व्दारा आवेदन शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति में **श्री मुजीब खान आत्मज श्री अजीज खान** का नाम जुड़वाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति /उत्तराधिकारी/संस्था को इसमें कोई आपत्ति हो तो विज्ञापित प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रुप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना**
**विकास मण्डल संभाग क्रमांक-1, भोपाल**

**यह दवा अमूल्य है**

**खूनी बवासीर के मरीजों के लिये आवश्यक सूचना**

1. क्या आप खूनी बवासीर से पीड़ित है।
2. डाक्टरों, हकीमों और वैद्यों का ईलाज करा-करा कर थक गये हैं।
3. निरंतर खून आने से शरीर अत्यंत दुर्बल और कमजोर हो जाता है।

तो आइये मात्र 6 पुड़िया आपके जीवन को चिंताओं से मुक्त कर सकती है और आप फिर से पूर्ण मस्ती के साथ जीवन व्यतीत करने के लिये सक्षम हो सकते हैं।
तो आज ही हमारे निम्न पते पर आये और निःशुल्क दवा प्राप्त करें।

**दैनिकअमृत दर्शन**
6, पत्रकार नगर कोलार रोड, भोपाल-462003, मो. 9827054436







भोपाल। थाना टीला जमालपुरा क्षेत्र में देर रात बदमाशों को छुरी के साथ पुलिस ने पकड़ा। दोनों बदमाशों के ऊपर एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज है। दूसरे चित्र में तलैया थाना क्षेत्र में लोगों को सरेराह तलवार दिखाकर डराने और गाली-गलौज करने वालों का जुलूस निकाला गया।

# भोपाल पुलिस का बड़ा एक्शन, गुंडों का निकाला जुलूस

भोपाल ■ अमृत दर्शन

भोपाल शहर के टीला जमालपुरा तथा तलैया थाना क्षेत्र में पुलिस ने बदमाशों का जुलूस निकाला यह बदमाश सरेआम गुंड़ागर्दी कर लोगों को डरा रहे थे। तलैया पुलिस के अनुसार आरोपी शोएब कुरैशी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह तलवार लहराते हुए नजर आया था। वीडियो सामने आते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मंगलवार को उसे गिरफ्तार कर लिया और क्षेत्र में उसका जुलूस भी निकाला।

पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान 35 वर्षीय शोएब कुरैशी पिता सलीम कुरैशी, निवासी पंचायती मस्जिद के पास, तलैया के रूप में हुई है। शोएब पर पहले से भी कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। वह तलवार लहराकर क्षेत्र के लोगों को धमका रहा था और समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक बातें भी कर रहा था।

पुलिस ने आरोपी को तलैया थाना क्षेत्र से ही पकड़ लिया, जहां वह छिपा हुआ था। गिरफ्तारी के बाद उसे बुधवारा इलाके में उसी स्थान पर ले जाया गया जहां वह तलवार लहराकर दहशत फैला रहा था। पुलिस ने वहां उसका जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान आरोपी बार-बार कहता दिखा, अपराध करना पाप है, पुलिस हमारी बाप है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शांति भंग करने, हथियार लहराने और आपत्तिजनक भाषा के प्रयोग को लेकर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना की है।

इसी तरह टीला जमालपुरा थाना प्रभारी डीपी सिंह ने बताया कि बदमाशी कर लोगों को धमकाने वाले गुंड़ों पर मुकदमा दर्ज कर उनका जुलूस निकाला गया। आरोपी सोनू तथा जुनैद के खिलाफ कार्रवाई की गई। इन दोनों से धारदार चाकू बरामद किये गए है। जुनैद पर 17 तथा सोनू पर आधा दर्जन अपराधिक मामले पहले से ही दर्ज है।

# आपराधिक मामलों में फंसे पुलिसकर्मियों को थानों से हटाएं

## पीएचक्यू ने सभी जिला इकाइयों को निर्देश दिए

भोपाल ■ अमृत दर्शन




पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) भोपाल ने प्रदेशभर के पुलिस आयुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को सख्त निर्देश जारी किए हैं कि आपराधिक प्रकरणों एवं विभागीय जांच में संलिप्त पुलिसकर्मियों को थानों, क्राइम ब्रांच या अधिकारियों के कार्यालयों में किसी भी प्रकार की तैनाती न दी जाए।

यह निर्देश पूर्व में 15 अक्टूबर 2014 को जारी किए गए परिपत्र के पालन में जारी किया गया है, जिसमें स्पष्ट निर्देश दिए गए थे, लेकिन अब तक उनकी अनदेखी की जा रही थी।

**पीएचक्यू ने चेताया- नहीं चलेगी लापरवाही:** विशेष महानिदेशक (प्रशासन) आदर्श कटियार के हस्ताक्षर से जारी पत्र में कहा गया है कि यह देखा गया है कि कुछ इकाइयों द्वारा इन निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। इसलिए एक बार फिर यह स्पष्ट किया गया है कि जिन पुलिसकर्मियों पर आपराधिक प्रकरण (दुर्घटना को छोड़कर) लंबित हैं, या जिन पर भ्रष्टाचार, नैतिक पतन, शारीरिक हिंसा, अवैध निरोध जैसे गंभीर आरोपों में विभागीय जांच लंबित है, उन्हें किसी थाने, क्राइम ब्रांच या वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालय में ड्यूटी पर नहीं लगाया जाएगा।

### सभी इकाइयों से मांगा गया पालन प्रतिवेदन

पुलिस मुख्यालय ने सभी इकाइयों से यह भी कहा है कि वे अपनी इकाई में तैनात ऐसे पुलिसकर्मियों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई करें और इसका पालन प्रतिवेदन सहायक पुलिस महानिरीक्षक (कार्मिक) को ईमेल पर तत्काल भेजें। पीएचक्यू ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पुलिस विभाग की साख, पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे।

## निर्वाचन आयोग का एक्शन, निगम चुनाव लड़े 14 प्रत्याशियों पर 2 से 5 साल तक का लगा बैन

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में नगर निगम में पार्षद का चुनाव लड़े 14 प्रत्याशियों को निर्वाचन आयोग ने दो साल से पांच साल तक के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है। इन प्रत्याशियों ने चुनाव खर्च देने में लापरवाही बरती। 14 प्रत्याशियों में से 2 को पांच साल के लिए अयोग्य घोषित किया गया है, जबकि शेष 12 को दो वर्ष के लिए अयोग्य किया गया है। अयोग्य घोषित होने वालों में 1 बीजेपी, 2 कांग्रेसी,1 आप,2, बसपा, बाकी निर्दलीय प्रत्याशी शामिल है। राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी को नोटिस दिए थे। जिला निर्वाचन अधिकारी से रिपोर्ट मिलने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी को नोटिस जारी किए थे। ये अब 2 से 5 साल चुनाव नहीं लड़ सकेंगे।

# गौ तस्करी के शक में युवकों की पिटाई एक की मौत, दूसरे की हालत नाजुक

भोपाल ■ अमृत दर्शन

राजधानी भोपाल से सटे रायसेन जिले में गौ-तस्करी के संदेह में कुछ युवकों ने दो लोगों की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिसमें एक युवक की मौत हो गई है जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घटना 5 जून की रात ग्राम मेगांव के पास की बताई जा रही है। मृतक की पहचान जुनैद, निवासी जिंसी, भोपाल के रूप में हुई है, जबकि गंभीर घायल युवक अरहम, सीहोर जिले के श्यामपुर दोराहा का निवासी है। अरहम को भोपाल के निजी अस्पताल में वेंटिलेटर पर भर्ती कराया गया है।

### मारपीट करने वाले बजरंग दल से जुड़े

मृतक और घायल के परिजनों का कहना है कि दोनों युवक धनोरा से छह गायें खरीदकर सिरोंज ला रहे थे। जुनैद भोपाल में डेयरी चलाता था और दूध व्यवसाय से भी जुड़ा हुआ था। परिजनों ने आरोप लगाया है कि मारपीट करने वाले युवक बजरंग दल से जुड़े थे और उन्होंने दो लाख रुपये की नकदी भी लूट ली। परिजनों का दावा है कि हमलावरों ने दोनों को रातभर पीटा और बाद में मरनासन्न अवस्था में छोड़ दिया। घटना के 24 घंटे बाद लोगों ने उन्हें विदिशा जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें भोपाल रेफर किया गया।


### पुलिस जांच में जुटी, तीन आरोपी गिरफ्तार

रायसेन की एसडीओपी प्रतिभा शर्मा ने बताया कि मामले में ध्रुव चतुर्वेदी, गगन दुबे (निवासी विदिशा) और रामपाल राजपूत (निवासी करारिया) को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी एक दर्जन से अधिक अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार, मृतक और घायल युवक पूर्व में पशु क्रूरता, अवैध परिवहन और मारपीट जैसे मामलों में भी संलिप्त रहे हैं। संगठन से संबंध को लेकर पूछे जाने पर एसडीओपी ने कहा कि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आरोपी किसी संगठन से जुड़े हैं या नहीं।

*परिजन बोले- माचिस से खेलते वक्त हुआ हादसे का शिकार*

# 4 साल के मासूम की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, पुलिस ने शुरू की जांच

भोपाल ■ अमृत दर्शन





राजधानी भोपाल में आग से झुलसकर चार साल के एक मासूम बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना में परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार नहीं थे। बताया जा रहा है कि बच्चा माचिस से खेलते-खेलते हादसे का शिकार हुआ था। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस को आशंका है कि बच्चे के परिजन मामले को लेकर सच्चाई छिपा रहे हैं। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है, और मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है।

गांधी नगर थाना पुलिस के अनुसार घटना 10 जून को हुई थी। परिवार का कहना था कि भाई-बहन माचिस से खेल रहे थे। तभी यह दुर्घटना हो गई। हादसे में अहमद हसन पिता अब्दुल हसन उम्र चार साल आग से झुलस गया था। उसके पिता अब्दुल हसन का कोहेफिजा स्थित ग्रीन स्टेट रेसींडेंसी में मकान है। वह गांधी नगर स्थित स्तानबुल होटल में सफाई का काम करता है। अब्दुल हसन पूरे परिवार के साथ उसी होटल में भी रहता था।

### परिवार पीएम कराने के लिए नहीं था तैयार

आग से झुलसे अहमद हसन को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल ले जाया गया था। यहां इलाज के दौरान 16 जून की सुबह उसकी मौत हो गई। अहमद हसन के मौत की सूचना पुलिस को हमीदिया अस्पताल से मिली थी। जिसके बाद पुलिस वहां पहुंची तो परिवार पीएम कराने के लिए तैयार नहीं हुआ। गांधी नगर थाना पुलिस ने मर्ग 37/25 कायम कर लिया है। वह होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से सच्चाई का पता लगाने का प्रयास कर रही हैं। पुलिस को शक है कि घटना के संबंध में परिवार कुछ बातें छुपा रहा है।

आयुर्वेद की महंगी दवाओं से मिलेगा छुटकारा

# प्रदेश की दूसरी आयुर्वेद फार्मेसी भोपाल में जल्द होगी शुरू

भोपाल ■ अमृत दर्शन




कोरोना काल से देश भर में आयुर्वेद दवाओं का चलन तेजी से बढ़ा है। आयुर्वेद अस्पतालों में मरीजों की भीड़ लग रही है, लेकिन आयुर्वेद दवाई काफी महंगी होने के कारण मरीज के जेब पर भारी असर पड़ता है। अब मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में मरीजों को सस्ती और गुणवत्ता युक्त औषधि मिल पाएगी।

आयुर्वेद खुशीलाल मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ उमेश शुक्ला ने बताया कि फार्मेसी बानाने का उद्देश्य आयुर्वेदिक उपचार को आधुनिक तकनीकों के साथ जोड़कर ऐसा तंत्र विकसित करना है, ताकि दवाओं का निर्माण, पैकेजिंग और परीक्षण एक ही परिसर में हो। ये प्रदेश की दूसरी आयर्वेद फार्मेसी होगी। जानकारी के लिए बता दें कि इसके पहले ग्वालियर में पहली आयुर्वेदिक फार्मेसी संचालित हो रही है।

डॉ उमेश शुक्ला ने बताया कि फार्मेसी भवन का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। हमारा लक्ष्य है कि यह यूनिट दिसंबर 2025 से पूर्ण रूप से कार्यरत हो जाए। उन्होंने बताया कि बिल्डिंग बनने के बाद हम स्टाफ की भी भर्ती करने की तैयारी कर रहे हैं। साथ ही इक्विपमेंट की खरीदी पर भी चर्चा शुरू हो चुकी है। शुक्ला ने बताया कि 434.04 लाख से फार्मेसी का निर्माण 1025 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में किया जा रहा है। फार्मेसी भवन का स्ट्रक्चर कार्य पूर्ण हो चुका है, दिसंबर तक भवन तैयार हो जाएगा। यहां अस्पताल में ही आयर्वेदिक दवाएं जैसे चर्ण, क्वाथ, तेल, घृत, आसव और अरिष्ट बनाई जाएंगी। इससे दवाओं की गुणवत्ता बेहतर होगी और मरीजों को कम दाम में उपचार मिल सकेगा।

### बाजार दर से करीब 50 प्रतिशत तक सस्ती मिलेंगी दवाएं

इस फार्मेसी में तैयार की जाने वाली दवाएं बाजार दर की तुलना में 30 से 50% तक सस्ती होंगी। यह पहल आमजन, विशेषकर गरीब और मध्यम वर्ग के रोगियों को आयुर्वेदिक चिकित्सा का सशक्त विकल्प देगी। इससे न केवल आयुर्वेद के प्रति भरोसा बढ़ेगा, बल्कि युवाओं को शोध और नवाचार के लिए प्रेरणा भी मिलेगी।

पुल बोगदा पर बेरिकेडिंग, ट्रैफिक डायवर्ट

# मेट्रो के दूसरे फेज के चलते रास्ता बंद, दूसरे रास्तों से गुजरेंगे वाहन

भोपाल ■ अमृत दर्शन

भोपाल के पुल बोगदा का रास्ता बुधवार सुबह पूरी तरह से बंद कर दिया गया। मेट्रो कॉर्पोरेशन ने यहां बेरिकेडिंग की है। अब वाहन दूसरे रास्तों से ही गुजरेंगे। हालांकि 20 दिन पहले ही रास्ते को वन-वे कर दिया गया था, लेकिन अब कोई भी वाहन इधर से उधर नहीं आ-जा सकेंगे। सुभाषनगर से करोंद तक मेट्रो की ऑरेंज लाइन का दूसरा फेज का काम चल रहा है। पुल बोगदा के पास ही पिलर्स बनेंगे। इस काम के चलते ही ट्रैफिक को डायवर्ट करना पड़ा है। ऐसे में पुल बोगदा होकर भारत टॉकीज और जिंसी की ओर जाने वाले मार्गों पर वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### यहां से जाएं लोग

- भारी, मध्यम और बस जैसे बड़े वाहन अब प्रभात चौराहा से भारत टॉकीज या प्लेटफॉर्म नंबर-6 की ओर जाने के लिए परिहार चौराहा (अशोका गार्डन), 80 फीट रोड, स्टेशन बजरिया तिराहा और भारत टॉकीज ओवरब्रिज होते हुए संगम टॉकीज तिराहा से गुजरेंगे।
- वहीं, भारत टॉकीज या प्लेटफॉर्म नंबर-6 से प्रभात चौराहा लौटने वाले वाहन संगम टॉकीज तिराहा, भारत टॉकीज ओवरब्रिज, स्टेशन बजरिया तिराहा, 80 फीट रोड और परिहार चौराहा से होकर प्रभात चौराहा पहुंचेंगे।

### प्रतिबंधित मार्ग

- प्रभात चौराहा से पुल बोगदा होते हुए भारत टॉकीज की ओर
- प्रभात चौराहा से पुल बोगदा होते हुए जिंसी धर्म कांटा, मैदा मिल की ओर
- पैदल और दोपहिया गाड़ियां भी यहां से नहीं गुजर सकेंगी।

## बेसमेंट में 2 साल से चल रहा अवैध रिफिलिंग सेंटर पकड़ाया, घरेलू से भर रहे थे कमर्शियल सिलेंडर

**भोपाल।** शहर के पुष्पा नगर में अवैध रिफिलिंग सेंटर पकड़ाया है। तीन मंजिला मकान के बेसमेंट में यह 2 साल से चल रहा था। खाद्य विभाग की दबिश में यहां से 40 सिलेंडर और रिफिलिंग मशीन जब्त की गई। यहां पर घरेलू से कमर्शियल सिलेंडर में गैस भरी जा रही थी। मौके से 22 घरेलू सिलेंडर, 18 कमर्शियल और 5-5 किलो के 2 सिलेंडर बरामद हुए। यह पूरी कार्रवाई कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर हुई। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि गोपनीय रूप से सूचना मिली कि पुष्पा नगर स्थित रमेश शर्मा के मकान में अवैध रूप से रिफिलिंग का काम चल रहा है। मंगलवार को टीम ने मकान की घेराबंदी कर दबिश दी। अंदर पहुंची टीम के होश उड़ गए। यहां पर सिलेंडरों का जखीरा था। मौके से ऋषभ साहू नाम के व्यक्ति को पकड़ा। इसी की देखरेख में यह पूरा काम चल रहा था। टीम ने बताया कि अवैध रिफिलिंग की वजह से बड़ी दुर्घटना भी हो सकती थी।

मध्य प्रदेश में आंधी बारिश का दौर शुरू, प्रदेश के 19 जिलों में पहुंचा मानसून

# प्रदेश में आज बदला रहेगा मौसम, 5 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

भोपाल ■ अमृत दर्शन



मध्य प्रदेश में आंधी बारिश का दौर जारी है। प्रदेश के 5 जिलों में बुधवार को भारी बारिश का अलर्ट है। भारी बारिश के अलर्ट वाले जिलों में धार, झाबुआ, रतलाम, नीमच और मंदसौर शामिल हैं।

मौसम विभाग ने कहा है कि आज भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत पूरे प्रदेश में बारिश, तेज आंधी और गरज-चमक वाला मौसम रहेगा। अलग-अलग स्थानों पर बनी चार मौसम प्रणालियों के असर से मानसून के आगे बढ़ने का सिलसिला बना हुआ है। अब तक प्रदेश के इंदौर समेत 19 जिलों में मानसून की एंट्री हो गई है। वहीं, अगले 24 घंटे के अंदर भोपाल, उज्जैन-जबलपुर में भी मानसून पहुंच सकता है।

इंदौर समेत प्रदेश के 19 जिलों में मानसून पहुंच गया। इस दौरान प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर भी जारी रहा। मंगलवार को सिंगरौली में आकाशीय बिजली गिरने से दो बच्चियों की मौत हो गई। वहीं, भोपाल, राजगढ़, धार, रतलाम, छिंदवाड़ा, जबलपुर, मंडला, सतना, टीकमगढ़ समेत कई जिलों में बारिश दर्ज की गई। बारिश की वजह से दिन के तापमान में भी गिरावट हुई है। शिवपुरी में ही पारा सबसे ज्यादा 40 डिग्री रहा। वहीं, सबसे कम तापमान इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 5 बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 34.4 डिग्री, इंदौर में 32.2 डिग्री, ग्वालियर में 38.5 डिग्री, उज्जैन में 33 डिग्री और जबलपुर में पारा 34.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग की सीनियर वैज्ञानिक ने बताया कि वर्तमान में आंधी और बारिश के 4 सिस्टम एक्टिव है। गुजरात क्षेत्र और पड़ोसी हिस्से में लो प्रेशर एरिया (कम दवाब क्षेत्र) और एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम सक्रिय है। वहीं, वेस्टर्न डिस्टरबेंस और टर्फ की एक्टिविटी भी देखने को मिल रही है। इस वजह से अगले चार दिन तक पूरे प्रदेश में मौसम बदला रहेगा। कुछ जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। यानी, 24 घंटे में सवा 4 इंच पानी गिर सकता है।

इस बार देश में मानसून 8 दिन पहले ही आ गया था। वहीं, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में यह तय समय से पहले पहुंच गया। ऐसे में अनुमान था कि मध्यप्रदेश में यह जून के पहले सप्ताह में ही आ जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पिछले 15 दिन से मानसून महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ में एक ही जगह पर ठहरा रहा। इस वजह से एमपी में इसकी एंट्री नहीं हो पाई। 13-14 जून को मानसून आगे बढ़ा। बावजूद यह प्रदेश में 1 दिन लेट हो गया। बता दें कि एमपी में मानसून के प्रवेश की सामान्य तारीख 15 जून ही है। पिछले साल यह 21 जून को एंटर हुआ था।

प्रकाशक ,मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा सुख सागर,6 पत्रकार नगर, कोलार रोड, भोपाल से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21- एच. इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल-462023 (म.प्र.) से मुद्रित। फोनः 4240007 फैक्स 0755-4296195 , आर.एन.आई नं. 50259/90 डाक पंजीयन नं. म.प्र./भोपाल/86/24-26 न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। प्रधान संपादकः डी.पी.गोयल। मोबाईल नं. 9827054436 ।